WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/ बिजनेस

रायपुर, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025 कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 213 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

**पा**किस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने भारत पाक संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पोल खोलकर रख दी है। इशाक डार ने खुलासा किया है कि अमेरिका के अनुरोध के बावजूद भारत ने दो टूक शब्दों में तीसरे पक्ष की दखलअंदाजी से इंकार कर दिया था। संघर्ष विराम द्विपक्षीय मसला था। बार-बार झूठा दावा करने वाले डोनाल्ड ट्रंप को उनके ही पिट्ठू पाकिस्तान ने क्रेडिट चोर साबित कर दिखाया है। सच आखिरकार सामने आ ही गया क्योंकि सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से।

## पीएम मोदी ने जन्मदिन की बधाई देने पर पुतिन का जताया आभार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर देश-दुनिया के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं, जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। इसके लिए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन का आभार जताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हम अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है।

### 75वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया देशवासियों से आह्वान

# वही वस्तु खरीदें जिसमें देशवासी का पसीना हो, स्वदेशी का बोर्ड लगाएं

### भारतीय सामान खरीदकर जीएसटी कटौती का फायदा उठाएं

**धार/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में कहा, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर से जवाब दिया है। ये नया भारत है। ये परमाणु धमकी से नहीं डरता। हम घर में घुसकर मारते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। पीएम मोदी ने अमेरिका के ट्रम्प टैरिफका जवाब देते हुए स्वदेशी चीजें खरीदने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो- ये स्वदेशी है। मोदी ने लोगों से नारा लगवाया कि- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।

पीएम ने बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। यहां खुली जीप में लोगों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता, पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया

### सिकल सेल एनीमिया बड़ी बीमारी

पीएम मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से एक और अभियान की चर्चा करना चाहता हूं। आदिवासी इलाकों में सिकल सेल एनीमिया बड़ी बीमारी होती है। एमपी से ही 2023 में सिकल सेल स्क्रीन का कार्ड मिलना शुरू हुआ था। आज एमपी में ही एक करोड़ वां कार्ड दिया गया है। अब तक इस अभियान के तहत पांच करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इससे लाखों लोगों का जीवन सुरक्षित हुआ है।

### फाइव एफ पर काम कर रही सरकार जिस पर पीएम मित्र पार्क बनेगा

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार फाइव एफ पर काम कर रही है। इसमें फार्म, फाइबर, फैक्टरी, फैशन और फॉरेन की चैन बन रही है। धार के पीएम मित्र पार्क के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा कर लिया है। इससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे, किसानों को लाभ मिलेगा। हम देश में ऐसे छह पीएम मित्र पार्क बनाने जा रहे हैं। अब धार दुनिया के मार्केट में चमकेगा।

**फार्म:** कपास उत्पादक किसान खेत से सीधे कपास लाकर कंपनियों को बेच सकेंगे।
**फाइबर:** कपास की जिनिंग यानी साफ-सफाई और धागा बनाया जाएगा।
**फैक्टरी:** कॉटन की स्पिनिंग, निटिंग की जाएगी, फैक्ट्री में कपास से अलग किया जाएगा।
**फैशन:** कपड़ों की डिजाइनिंग, गारमेंटिंग से जुडे जॉब वर्क जैसे बटन लगाने जैसे काम होंगे।
**फॉरेन:** फैक्ट्री में तैयार हुए कपड़ों की पैकेजिंग के बाद यहां से सीधे विदेशों में एक्सपोर्ट होंगे।

## पीएम के जन्मदिन पर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता को समर्पित डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री साय खुद हाथ में झाड़ू लेकर परिसर की साफ सफाई की और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसमें सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वप्रेरणा से जुड़ाव समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार से होगी शुरुआत

## अब ईवीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो

■ **फॉन्ट का आकार व कागज की गुणवत्ता भी बढ़ेगी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत अब ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी। यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी।

निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### जीएसटी सुधार-भारत की जीडीपी 6.5% की दर से बढ़ेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जीएसटी सुधारों के कारण वित्त वर्ष 2026 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से तेजी से बढ़ेगी, जो पिछले अनुमान 6 प्रतिशत से अधिक है। ये सुधार अमेरिका के भारी आयात शुल्कों के प्रभाव को कम करेंगे। आईसीआरए ने भी रिपोर्ट में कहा है कि उद्योगों की सक्रिय रणनीतियां, ट्रेड रिरूटिंग व भौगोलिक विविधीकरण भारत को टैरिफके झटके से उबरने में मदद कर सकते हैं।

### गरमा-गरम

## सीएस अमिताभ जैन बनेंगे बिजली विनियामक आयोग के चेयरमैन!

**रायपुर /नवप्रदेश।** तीन महीने का एक्सटेंशन समाप्त होने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनकी विदाई से पहले ही उनके लिए बिजली विनियामक आयोग का चेयरमैन का पद सम्मानजनक खाली हो रहा है। ऐसे में उनके खाली रहने की आशंका नहीं है। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन की विदाई की तैयारी शुरू हो गई है। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें बिजली विनियामक आयोग का चेयरमैन बनाए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### हेमंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमंत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया गया है। अभी प्रभार सौंपने का आदेश ऊर्जा विभाग से जारी नहीं हुआ है। नए चेयरमैन के लिए जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। बताया जा रहा कि नए चेयरमैन के लिए सीएस अमिताभ जैन सहित कई अन्य अफसरों के नाम की चर्चा है। जैन का 30 सितंबर को एक्सटेंशन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### नक्सल ऑपरेशन | सरेंडर करने वाले नक्सलियों पर था 18 लाख का था इनाम

## 5 महिला समेत 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन चलाये जाने से नक्सली भयभीत हैं। ऐसे में घबराये हुए नक्सली सरेंडर करने को मजबूर हैं। सुरक्षा बलों के बस्तर संभाग में सर्चिंग से नक्सली संगठन लगातार कमजोर होते जा रहा है। आज बुधवार को नारायणपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पांच महिला सहित कुल 12 माओवादियों ने आज पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान बीएसएफऔर आईटीबीपी के अधिकारी मौजूद रहे। सरेंडर किए सभी माओवादियों पर 18 लाख रुपये का इनाम घोषित था। अबूझमाड़ में नये कैंप की स्थापना और लगातार नक्सल विरोधी अभियान के चलने से माआवोदी बैकफुट पर हैं।

### इधर दो महिला नक्सली ढेर

नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में दो महिला माओवादियों के मारे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### नक्सलियों ने 4 साल पहले बेटे और अब पिता की हत्या

**दंतेवाड़ा।** जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, मामले की जांच की जा रही है। बीती रात नक्सलियों की एक टीम ने गांव के बण्डी कोर्राम के घर पहुंच उसे बाहर निकालने के बाद धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। गांव के लोगों ने बताया कि 4 वर्ष पहले नक्सलियों ने मृतक ग्रामीण के बेटे हरेंद्र कोर्राम की भी हत्या कर दी थी।

# मोदी की पगड़ियां देती हैं राष्ट्रीय एकता का संदेश

**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में हर स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक लाल किले से राष्ट्र के नाम उनके संबोधन के अवसर पर उनके भाषण के विभिन्न बिंदुओं के साथ उनकी पगड़ी की चर्चा एक अनिवार्य विषय रहती है।

मोदी हर बार अलग-अलग शैली और कलेवर वाली पगड़ी पहन कर लाल किले की प्राचीर पर ध्वज फहराते हैं। उनकी ये पगड़ियां परंपरा और आधुनिकता के समन्वय के साथ राष्ट्र एकता के साथ अंतर्निहित प्रतीकात्मक संदेश देती हैं।

### पीएम मोदी ने 2014 में पहली बार लाल किले पर तिरंगा फहराया था

**इस वर्ष प्रधानमंत्री ने भगवा रंग की पगड़ी के साथ कंधे पर तिरंगा पटका लगा रखा था, जिसे शक्ति और देश भक्ति का संदेश के रूप में लिया गया। ऑपरेशन सिंदूर और देश के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाये गये भारी आयात शुल्क के बीच मोदी ने इस बार के अपने संबोधन में स्वदेशी और आत्म निर्भरता पर बल दिया था। लाल किले की प्राचीर से संबोधन के समय प्रधानमंत्री मोदी द्वारा धारण की गयी पगड़ियों की शैली और विशेषता इस प्रकार रही है।**

प्रधानमंत्री ने 2014 में चटकीले लाल और हरे रंग की जोधपुरी बंधेज पगड़ी बांध रखी थी। यह पगड़ी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने के साथ समृद्ध भारतीय संस्कृति का प्रतीक थी। वर्ष 2015 में विविवधता और उत्साह का संदेश देते हुए पीले रंग की उनकी पगड़ी में लाल और गहरे हरे रंग की आड़ी तिरछी धारियां थीं। पारंपरिक राजस्थानी शैली की विशेषता वाली इस पगड़ी में लंबी पूंछ टखनों तक लटकी थी।

मोदी ने 2016 में उत्साह और रचनात्मकता का संदेश देते हुए गुलाबी और पीले रंग की एक अनूठी छवि वाली टाई-डाई पगड़ी पहनी थी और 2017 के स्वतंत्रता दिवस पर उनकी पगड़ी उत्सव के प्रतीक चमकीली पीले रंग की थी। यह पगड़ी उनके सकारात्मक और दूरदर्शी भाषण के साथ राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर रही थी।

### नारंगी-सफेद दुपट्टे के साथ एकता और रक्षा की भावना का प्रतीक

**मोदी ने 2020 में कोविड-19 महामारी के बीच सफेद कुर्ते और नारंगी-सफेद दुपट्टे के साथ एकता और रक्षा की भावना को प्रदर्शित करते हुए भगवा और क्रीम रंग की पगड़ी पहनी जो सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक थी। वह 2021 में केसरिया पगड़ी, गुलाबी लकीरों के साथ लंबी पूंछ वाली पकड़ी धारण किये हये थे। इसे सामूहिकता एवं जीवंतता के प्रतीक के रूप में देखा गया। इसके साथ उनका सफेद कुर्ता, चूड़ीदार और नीली जैकेट के साथ जोड़ा गया, जो परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण दर्शा रहा था।**

साल 2018 में उनकी पगड़ी बलिदान और साहस के प्रतीक केसरिया रंग की थी, जो लाल पैटर्न से सजी थी। इसकी टखनों तक लंबी पूंछ इसे और आकर्षक बना रही थी। वर्ष 2019 में उन्होंने लोक कला और सांस्कृतिक विविधता की स्मृति में कढ़ाई वाली भगवा पगड़ी पहनीं थी, जो राष्ट्रीय गौरव और भारत की कलात्मक विरासत को दर्शा रही थी। इसके साथ पैटर्न वाले दुपट्टा उनकी छवि को और समृद्ध बना रहा था।

उन्होंने 2022 में राष्ट्र प्रेम और एकता का संदेश देते हुए हर घर तिरंगा अभियान के अनुरूप तिरंगे रंगों वाली पगड़ी पहनी थी, जो राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की याद दिलाती थी। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री के सर पर पारंपरिक संरचना और विविधिता का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पीले, हरे और लाल रंगों वाली बांधनी प्रिंट राजस्थानी पगड़ी पहनी। इसे ऑफ-व्हाइट कुर्ते और काले वी-नेक जैकेट के साथ जोड़ा गया।

वर्ष 2024 में मोदी प्रकृति प्रेरित डिजाइन सांस्कृतिक विरासत को नमन करते हुए नारंगी, पीले और हरे रंग की लहरिया प्रिंट वाली राजस्थानी पगड़ी पहन कर लाल किले पर ध्वजारोहण किया था। इसे सफेद कुर्ते और हल्के नीले नेहरू जैकेट के साथ जोड़ा गया, जो भारत की विविधता और एकता को दर्शाता था।

# जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को दी शुभकामनाएं

## दृढ़ संकल्प प्रेरणा का स्रोत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने बधाई देते हुए दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने की इच्छा भी जताई। मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ ली गई सेल्फी को साझा करते हुए लिखा, ÷पीएम नरेंद्र मोदी (टैग किया) को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी शक्ति, उनका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए, सदा ऊर्जावान बनाए रखने की कामना करती हूं ताकि वे भारत को एक उज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और हम दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें। इतालवी पीएम मेलोनी ने अपनी एक्स पोस्ट में दोनों देशों के संबंधों को पुख्ता करने की बात कही है। दरअसल, हाल ही में दोनों के बीच व्यापारिक रिश्ते मजबूत करने को लेकर भी बात हुई थी। दोनों नेताओं ने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और यूक्रेन संकट के शीघ्र समाधान में सहयोग बढ़ाने पर सहमति भी जताई थी। पीएम मोदी ने भारत-ईयू व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और आईएमईईसी पहल के जरिये संपर्क बढ़ाने के प्रयासों की भी सराहना की थी। बातचीत के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन युद्ध को जल्द समाप्त करने की अपनी साझा इच्छा व्यक्त की।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता : 'यूएस ने माना हमारा महत्व'

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर रिश्ते सुधर रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर से शुरू होने पर शिवसेना नेता शाइना एनसी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने यह मान लिया है कि व्यापारिक भागीदार के तौर पर भारत कितना महत्वपूर्ण है। शिवसेना नेता शाइना एनसी ने ट्रंप के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों महान देशों के लिए किसी सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अपना 'महान मित्र' बताते हुए कहा कि वह उनसे बात करेंगे। शिवसेना नेता शाइना एनसी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, अमेरिका ने भारत को एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार के रूप में मान्यता दी है और यह समझा है कि 'मेक इन इंडिया' पहल केवल भारत या अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अन्य देशों तक भी विस्तारित हो सकती है। जितनी जल्दी वे इसे समझेंगे, उतना ही बेहतर होगा। शाइना एनसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने देश के लिए अपने खून की आखिरी बूंद तक समर्पित कर दी है।

### भारत को पाकिस्तान से सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तारीफ करने पर शिवसेना नेता ने कहा, भारत को पाकिस्तान या किसी पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर से कोई सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। हमारे पास 140 करोड़ नागरिकों का समर्थन है, जो काफी है।

# मोदी सरकार की योजनाएं : 11 वर्ष 11 स्कीम.. जिनसे बदली देश के आम नागरिक की जिंदगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए हैं। उनका जन्म 17 सितंबर 1950 को हुआ था। वह बीते 11 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने अपने अब तक कार्यकाल में देश के आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाने के लिए कई ऐसी योजनाएं लॉन्च की हैं, जिसमें पीएम जनधन योजना से लेकर मुफ्त इलाज की योजनाएं शामिल हैं।

### पीएम जनधन योजना

देश में हर व्यक्ति को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने के लिए 28 अगस्त 2014 को पीएम जनधन योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत शून्य बैलेंस वाले खाते खोले जाते हैं और साथ ही रुपे डेबिट कार्ड दिया जाता है। इसमें खाताधारक को 10,000 रुपए की ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी मिलती है।

अब तक पीएम जनधन योजना में 56.38 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। पीएम सड़क सुरक्षा बीमा योजनाः केंद्र सरकार की ओर से इस योजना की शुरुआत 9 मई 2015 को की गई थी। इस योजना के तहत सरकार 18 से 70 वर्ष तक की आयु के लोगों को 2 लाख रुपए तक का बीमा उपलब्ध कराती है।

वहीं, आंशिक विकलांगता की स्थिति में एक लाख रुपए तक का कवर मिलता है। पीएम जीवन ज्योति बीमा योजनाः इस योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में 9 मई 2015 को शुरू किया गया था। इसमें 18 से 50 वर्ष तक के व्यक्ति को 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर दिया जाता है।

: देश में लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने 15 फरवरी 2024 को इस योजना को शुरू किया था। इस योजना के तहत सरकार सोलर पैनल लगवाने पर 78,000 रुपए तक की सब्सिडी देती है।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना

देश में छोटे और सीमांत किसानों को सीधी आर्थिक मदद देने के लिए मोदी ने सरकार ने 24 फरवरी 2019 को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत सरकार तीन अलग-अलग किस्तों में 6,000 रुपए की सालाना मदद किसानों को देती है।

### पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना

देश में गरीब लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने 26 मार्च 2020 को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को हर महीने 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जाता है।

**पीएम आवास योजनाः** देश में सभी को पक्का घर देने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने 25 जून 2015 को पीएम आवास योजना की शुरुआत की थी। सरकार ने योजना की सफलता को देखते हुए, इसका विस्तार 2029 तक कर दिया।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र/202508107100013 /अ-06अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक रमेश साहू पिता स्व. जग्गू साहू निवासी संतोषी मंदिर के पास जामुल, तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पक्ष में भूमिस्वामी सरस्वमी बेचा बंशीलाल, बालकिशन पिता बंशीलाल, राजेन्द्र कुमार पिता बंशीलाल, रत्ना ना.बा. पिता बंशीलाल, आरती ना.बा. पिता बंशीलाल, मौजा ग्राम रेवलीडीह, प.ह.न. 10 तह. व जिला दुर्ग ख.न. 284/2 का टुकड़ा रकबा 0.06 आरे याने कि 0.15 डिसमिल, लगान 0.20 पैसा की रजिस्ट्री दिनांक 11.02.2002 को किया और आवेदक को कब्जा में दिया जहां पर आवेदक का कब्जा है यह कि आवेदक के पक्ष में रजिस्ट्री विक्रय पत्र दस्तावेज से नामातंरण प्रमाणीकरण संशोधन क. 69 दिनांक 11.05.2002 को होकर विकेतागण बेचने वाले का नाम विलोपित होकर आवेदक का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुए। उक्त भूमि कि आवेदक को भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका क. पी.895719 प्राप्त है। जिसमें ख.नं. 284/2 रकबा 0.06 लगान 0.20 है। ऑनलाईन के समय रिकार्ड में आवेदक के अलावा अन्य 05 बालकिशन, राजेन्द्र कुमार, रम्भा, आरती, रूखमणी का नाम भी दर्ज है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.202509100700030 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका रागिनी साहू पिता स्व. रमन प्रसाद साहू निवासी प्लाट नं.-100, पूजा किराना स्टोर्स शिव मंदिर के पास चन्द्रनगर, उमरपोटी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 587 रकबा 0.020 हे. भू-राजस्व 0.02/-पैसे भूमि जो कि वसीयतकर्ती बिसा बाई साहू पति रमन प्रसाद साहू एवं अन्य 04 के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ती श्रीमती बिसा बाई साहू पति रमन प्रसाद साहू के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 27/07/2012 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.202509100700045 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राकेश कुमार पिता स्व. बलदाऊ साहू निवासी ग्राम-डुण्डेरा तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम डुण्डेरा प.ह.नं. 50 रा.नि.मं.-रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 443 रकबा 0.56 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार कामिनी पति स्व. बलदाऊ की मृत्यु दिनांक 09/07/2024 को हो जाने पर उसके स्थान पर उनके सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 109/110 के तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./20250810300018 /अ-06 अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खम्हरिया, पोष्ट पुरई हरिशचंद साहू पिता स्व. चरण साहू निवासी ग्राम थाना- उतई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदक हरिशचंद है। लेकिन त्रुटिवश नाम राजस्व अभिलेख में हरचंद दर्ज हो गया है। जिसका खसरा नं. 105/1, 311 रकबा 0.38, 0.37 हे. है। ऋणपुस्तिका कमांक - 0930982 है। कृषि कार्य के लिए के.सी.सी. बनाने के लिए एवं अन्य कार्य के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेज में नाम हरिशचंद साहू है। राजस्व अभिलेख में हरचंद को सुधारकर हरिशचंद साहू पिता स्व. चरण साहू दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-04 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

मा.क्र./202509104100001 /ब-121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश दास मानिकपुरी पिता कोमल दास मानिकपुरी निवासी-खुरसीडीह ग्राम पंचायत दमोदा तह. व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि दिनांक 06.02.2024 से अस्थायी कोटवार के पद पर ग्राम खुरसीडीह में कोटवारी कार्य कर रहा है जिसे स्थायी कोटवार नियुक्त किये जाने आवेदन पेश किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 14.10.2025 तक स्वंय अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया।

आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आनंद स्वर्णकार पिता कमल स्वर्णकार निवासी म.नं. 280 नया तालाब रोड, मठपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-दुर्ग, प.ह.नं. 19 स्थित भूमि खसरा नं. 798/4 रकबा 0.0056 हे./600.6 वर्गफीट 55.81 वर्गमीटर भूमि वीणा स्वर्णकार पति कमल स्वर्णकार के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को विक्रेता दिनेश्वर प्रसाद पाटिल पिता हिरामन लाल मरार एवं अन्य 05 निवासी क्वा. नं.-1 एच, सड़क-37, सेक्टर-05 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/05/2025 को कय कर काबिज कास्त है। जिसका नामांतरण किया जा चुका है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन खसरा बी-1 में वीणा स्वर्णकार की भूमि खसरा नं. 798/4 रकबा 0.0054 हे./581.25 वर्गफीट प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। पूर्व विक्रेतागणों के नाम पर शेष रकबा 10.76 वर्गफीट भूमि दर्शित हो रहा है तथा खसरा नं. 799/12 की बचत भूमि 0.0001 हे. भूमि को प्रस्तुत रजिस्ट्री बयनामा के आधार पर वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में हुये त्रुटि को सुधार कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र/202509104700019 /अ-06अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बसंत कुमार मंडावी पिता-गिरधारी लाल उम्र 49 वर्ष निवासी सुभाष नगर बचेली जिला दन्तेवाड़ा के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.म. जुनवानी, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1178/3 कुल रकबा 0.100 हे0 में से 0.011 हे. बराबर 1250 वर्गफीट भूमि को विक्रेता अमृत पाल सिंह पिता स्व. हरभजन सिंह से दिनांक 02.12. 2019 को पंजीयन करवाकर काबिज है। जो कि प्रमाणीकरण करवाकर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु वर्तमान ऑनलाईन में विक्रेता के नाम पर उक्त खसरा नंबर रकबा - 0.0050 हे. कमी दर्ज की गई है एवं ऑनलाईन अभिलेख में आवेदक का नाम दर्ज नहीं किया गया है जो कि गंभीर त्रुटि है। उक्त त्रुटि का सुधार कर रकबा में हुई कमी सुधार करते हुये खसरा नंबर 1178/3 कुल रकबा 0.011 हे. बराबर 1250 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने के संबंध में न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**नाम-परिवर्तन**

मै, तुजेश कुमार चन्द्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर निवासी- वार्ड नं. 51 सड़क नं. 3 प्रदीप्ति नगर बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्न बयान शपथपूर्वक पेश करता हूं। यह कि मै उपरोक्त पते पर निवास करता हूं । यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 6299 1051 6607 एवं पेन कार्ड मे मेरा नाम तुजेश कुमार चन्द्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर दर्ज है, जो कि सही व सत्य है । यह कि मै आरमी से सेवानिवृत्ति हुआ हूं, मेरा सर्विस नं. जे.सी.354487 एल है। जिसमे मेरा नाम तुजेश कुमार चन्द्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर (TUJESH KUMAR CHANDRAKER S/O KRISHNA KUMAR CHANDRAKAR) दर्ज है, जो कि गलत है। यह कि मेरा सही नाम तुजेश कुमार चन्द्राकर (TUJESH KUMAR CHANDRAKAR) है। जो कि सही व सत्य है। तथा मै आरमी से सेवानिवृत्ति हुआ हूं, मेरा सर्विस रिकार्ड बाम्बे इंजीनियर ग्रुप एण्ड (किरी) मे मेरा नाम (TUJESH KUMAR CHANDRAKER) दर्ज है जो कि गलत है। उसे सुधारकर मेरा सही नाम तुजेश कुमार चन्द्राकर (TUJESH KUMAR CHANDRAKAR) दर्ज करवाना चाहता हूं। यह कि अब मेरा नाम तुजेश कुमार चन्द्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर (TUJESH KUMAR CHANDRAKAR S/O KRISHNA KUMAR CHANDRAKAR) के नाम से जाने व पहचाने एवं समस्त दस्तावेज मे इस नाम दर्ज करवाने हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**तुजेश कुमार चन्द्राकर**
**पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर**
**निवासी- वार्ड नं. 51 सड़क नं. 3 प्रदीप्ति नगर बोरसी तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**नाम-परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता राजेन्द्र कुर्रे (RAJENDRA KURRE) पिता उम्र 51 निवासी जवाहर नगर सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. पालक वास्ते नाबालिक पुत्र रोशन कुर्रे (ROSHAN KURRE) पिता राजेन्द्र कुर्रे (RAJENDRA KURRE) उम्र 18 निवासी जवाहर नगर सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 की ओर से जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं। यह कि मेरा व मेरे पुत्र का नाम व पता उपरोक्तनुसार है मेरा नाबालिक पुत्र कक्षा बारवी का छात्र है। यह कि मेरे पुत्र के आवश्यक दस्तावेजो में जैसे जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा चौथी पांचवी व छटवी के अंकसूची में मेरे पुत्र का नाम रोशन कुर्रे (ROSHAN KURRE) दर्ज है जो कि सत्य व सही दर्ज है। किन्तु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम शेशन कुर्रे (SHESHAN KURRE) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। वह कि. मेरा पुत्र रोशन कुर्रे (ROSHAN KURRE) पिता राजेन्द्र करें (RAJENDRA KURRE) के नाम से जाना व पहचाना जाता है तथा मेरे पुत्र रोशन कुर्रे (ROSHAN KURRE) का नाम सत्य व सही है। इसलिये मेरे पुत्र रोशन कुर्रे (ROSHAN KURRE) का नाम आधार कार्ड में दर्ज कराना चाहता हूं। जिस संबंध में शासकिय गजट / राजपत्र में काशित किये जाने के संबंध में आपके समक्ष दस्तावेजों के साथ यह आवेदन प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**राजेन्द्र कुर्रे**
**निवासी जवाहर नगर सुपेला, भिलाई तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**नाम-परिवर्तन**

मै शपथकर्ती ज्योति बाई कोसले (JYOTI BAI KOSLE) उम्र 53, पति घुरदास कोसले (DHURDAS KOSLE) निवासी - जवाहर नगर सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 491331 पालक वास्ते नाबालिक नातिन सृष्टी कोसले (SHRISHTI KOSLE) पिता ओम प्रकाश कोसले (OM PRAKASH KOSLE) उम्र 14. निवासी वार्ड नं0 25 जवाहर नगर सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 की ओर से जो निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँः- यह कि, मेरा व मेरी नातिन का नाम व पता उपरोक्तनुसार है मेरी नाबालिक नातिन कक्षा दसवी की छात्रा है। यह कि, मेरी नातिन के आवश्यक दस्तावेजों में जैसे जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज कक्षा सातवी, आठवी व नवमी के अंकसूची में मेरी नातिन का नाम सृष्टी कोसले (SHRISHTI KOSLE) दर्ज है जो कि सत्य व सही दर्ज है। किन्तु मेरे नातिन के आधार कार्ड में नाम श्रुष्टी कोसले (SHRUSHTI KOSLE) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। यह कि, मेरी नातिन सृष्टी कोसले (SHRISHTI KOSLE) पिता पिता ओम प्रकाश कोसले (OM PRAKASH KOSLE) के नाम से जानी व पहचानी जाती है जो सत्य व सही है। इसलिये मेरी नातिन सृष्टी कोसले (SHRISHTI KOSLE) का नाम आधार कार्ड में दर्ज कराना चाहती हूं। जिस संबंध में शासकिय गजट / राजपत्र मे प्रकाशित किये जाने के संबंध में आपके समक्ष दस्तावेजो के साथ यह आवेदन प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**ज्योति बाई कोसले**
**पति घुरदास कोसले**
**निवासी जवाहर नगर सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**नाम-परिवर्तन**

मै शपथकर्ता अब्दुल इदरीश (ABDUL IDRISH) पिता अब्दुल रहमान (ABDUL RAHMAN) उम्र-57 वर्ष, वर्तमान निवासी-अटल आवास, पोटिया रोड, पोटियाकला दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोहामद इदरीश खान (MOHAMMAD IDRIS KHAN) दर्ज है तथा मेरे मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम इदरीश खान (IDRIS KHAN) दर्ज है। यह कि, मै अपना नाम मोहामद इदरीश खान (MOHAMMAD IDRIS KHAN) एवं इदरीश खान (IDRIS KHAN) को परिवर्तित कर सही नाम अब्दुल इदरीश (ABDUL IDRISH) रख लिया हूं। यह कि. मेरा सही नाम अब्दुल इदरीश (ABDUL IDRISH) है, जो कि मुझे इन्ही नामों से जाना, पहचाना व पुकारा जाता है। यह कि, मै अपने आधार कार्ड व मतदाता परिचय पत्र एवं भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपना सही नाम अब्दुल इदरीश (ABDUL IDRISH) को दर्ज करवाना चाहता हूं जिसके सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र गजड प्रकाशन के लिये श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**अब्दुल इदरीश**
**पिता अब्दुल रहमान**
**वर्तमान निवासी-अटल आवास, पोटिया रोड, पोटियाकला दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that my client Kiran Kumar Velji S/o Shri Sewak Velji, R/o Mistri Fariyu, Devliya, Kachh (Gujarat) has purchased a piece and parcel of land bearing khasra no. 1287/27, area 0.004 Hectare = 460 sq. ft. situated at Durg, Mohan Nagar West Ward No. 12, P.H.No. 24/19, R.N.M. Durg, Tehsil & Dist. Durg (C.G.), from Sureshchand Jethwa S/o Shri V.K. Jethwa vide registered sale deed dated 26.06.2024. The said Sureshchand Jethwa S/o Shri V.K. Jethwa had purchased the said property from Neelkanth Meshram S/o Late Gopichand Meshram vide registered sale deed dated 28.10.2004. The said deed executed between Neelkanth Meshram S/o Late Gopichand Meshram AND Sureshchand Jethwa S/o Shri V.K. Jethwa dated 28.10.2004 was in the custody of my client and the same has been lost/misplaced by my client. A police report has been lodged on dated 10.09.2025 against the lost registered deed. If the said lost registered sale deed dated 28.10.2004 is found by anybody, it is requested that the said deeds be handed over to my staff in my office. Any' person having any right, title or interest or any claim, demand or objection of any nature whatsoever against or in respect of the said property or any part thereof is hereby requested to notify the same in writing to the undersigned with supporting documentary evidence within 07 days from the date hereof, failing which no such claims, demands, objections etc. shall be entertained thereafter and the said property shall be considered as free from all encumbrances.

**Subhro Chakravorty (Advocate)**
**Offices- Shop No-12 Nigar Nigar Supela, Bhilai (CC)**
**Mobile 98271-16683942**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला जिला दुर्ग**

**-: सूचनाः-**

विषयः- स्थल जांच बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क्र. 117, दिनांकः- 03/04/2025 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री दिनेश कुमार सोनी, पिता स्व. पन्ना लाल सोनी, निवासीः गया नगर वार्ड नं. 03, द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 294/50, रकबा 0.011 हे. जिसकी सीमा उत्तर में रास्ता, दक्षिण में प्लाट नं. 32, पूर्व में रास्ता, तथा पश्चिम में राजेश कुमार महेश प्रसाद सोनी को बेचे जाने वाली भूमि है। जिसका सीमांकन दिनांक 25.09.2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11:30 बजे किया जावेगा। उक्त खसरा नं. के जितने टुकड़े हुए है उन भूमिस्वामीयों को उस खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी। जारी दिनांक- 17/09/2025

मुहर — **राजस्व निरीक्षक सिकोला**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला जिला दुर्ग**

**-: सूचनाः-**

विषयः- स्थल जांच बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ.क. 116, दिनांक 03/04/2025 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री महेश प्रसाद सोनी, पिता स्व. पन्ना लाल सोनी, निवासी गया नगर वार्ड नं. 03, द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 294/49, रकबा 0.011 हे. जिसकी सीमा उत्तर में रास्ता, दक्षिण में प्लाट नं. 32, पूर्व में दिनेश कुमार सोनी, तथा पश्चिम में राजेश प्लाट नं. 23 है। जिसका सीमांकन दिनांक 25.09.2025 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11:30 बजे किया जावेगा। उक्त खसरा नं. के जितने टुकड़े हुए है उन भूमिस्वामीयों को उस खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी। जारी दिनांक- 17/09/2025

मुहर — **राजस्व निरीक्षक सिकोला**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 202509103300024 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका काजल बत्रा पिता/पति स्व. शंकर बत्रा निवासी मकान नं. 139 सुंदर नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. मौजा ग्राम पीपरछेडी प.ह.न 05 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 150/2, 152, 150/1, 153/1 रकबा 0.23, 0.35, 0.023, 0.31 हे. निर्मला बत्रा के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 23.03.2023 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09.10.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

प्र.क्र. 202509100600033 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सागर पाठक आ./पति श्री कृष्ण कुमार पाठक, निवासी राजीव चौक पाटन तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 806/8 रकबा 0.0039 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 22.09.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

# हाथी पर सवार होकर आ रही हैं मां दुर्गा

**रायपुर/नवप्रदेश।** इस नवरात्र पर देवी दुर्गा का आगमन हाथी पर और प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर हो रहा है। इस बार मां का आगमन और प्रस्थान, दोनों ही बहुत शुभ हैं। यह सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति का प्रतीक माना जाता है।

शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से आरंभ हो रहे हैं। इस नवरात्र देवी दुर्गा का आगमन हाथी पर और प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर हो रहा है। मां का आगमन और प्रस्थान दोनों ही इस बार बहुत शुभ हैं। हाथी पर मां दुर्गा का आगमन सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। व्यापार में वृद्धि होने के साथ-साथ यह पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंधों को भी दर्शाता है। इस बार शारदीय नवरात्र दस दिन के हैं यानी एक नवरात्र बढ़ रहा है। ऐसी मान्यता है कि नवरात्र बढ़ते अच्छे, श्राद्ध घटते अच्छे।

देवी भागवत महापुराण के अनुसार मां दुर्गा का वाहन शेर है, लेकिन देवी हर वर्ष नवरात्र में अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर पृथ्वी पर आती हैं। नवरात्र में देवी

किस वाहन पर सवार होकर आएंगी, इसके दिन तय हैं। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण में इस संबंध में एक श्लोक है-

**शशिसूर्ये गजारूढ़ा , शनिभौमे तुरंगमे ।**
**गुरुशुक्रे च दोलायां बुधे नौका प्रकीर्तिता ।।**
**फलम् - गजे च जलदा देवी , छत्रभङ्ग तुरंगमे ।**
**नौकायां सर्व सिद्धिस्यित् दोलायां मरणं ध्रुवम्।।**

रविवार या सोमवार के दिन कलश की स्थापना होने पर देवी दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं। देवी भागवत महापुराण के अनुसार, मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना सुख-शांति और संपन्नता का कारक माना जाता है। यह अच्छी फसल, बारिश और धन-धान्य का संकेत माना जाता है। यह आर्थिक तरक्की और खुशहाली का प्रतीक है। देवी का हाथी पर सवार होकर आना शुभ होता है। साथ ही मनुष्य को मेहनत का फल और मां की कृपा प्राप्त होती है। शनिवार या मंगलवार के दिन नवरात्र प्रारंभ होने पर देवी का वाहन घोड़ा होता है। मां दुर्गा का घोड़े पर आना सत्ता परिवर्तन या युद्ध का प्रतीक है। यह विपक्ष के लिए शुभ और सत्ता पक्ष के लिए प्रतिकूल स्थिति बनाता है।

बृहस्पतिवार या शुक्रवार के दिन नवरात्र प्रारंभ हो, तो देवी पालकी में बैठकर आती हैं। यह अशुभता का प्रतीक है। इससे महामारी, प्राकृतिक आपदा, उपद्रव, दंगे और जन-हानि जैसी स्थितियां पैदा होती हैं।

इसी प्रकार बुधवार के दिन नवरात्र की शुरुआत हो, तो देवी दुर्गा नाव पर सवार होकर आती हैं। देवी का नाव पर आगमन हर प्रकार से शुभ होता है। भरपूर बारिश और अच्छी फसल होती है। कष्ट दूर होने के साथ-साथ सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।यह स्वाभाविक है कि जब देवी का आगमन होगा, तो उनकी विदाई भी होगी। माता की विदाई दशमी को होती है। उस दिन रविवार या सोमवार हो तो देवी भैंसे पर सवार होकर जाती हैं। इसका प्रभाव राष्ट्र के लिए अशुभ होता है। यह रोग और शोककारक स्थितियां बनाता है।

शनिवार या मंगलवार के दिन दशमी होने पर देवी की सवारी मुर्गा होती है। इसके अशुभ फल होते हैं। इससे दुखों और कष्टों में वृद्धि होती है। अगर विदाई बुधवार या शुक्रवार के दिन हो तो देवी दुर्गा हाथी पर सवार होकर जाती है। यह शुभ माना जाता है। इसका अर्थ है कि आपको आपके अच्छे कार्यों का फल मिलेगा।बृहस्पतिवार के दिन दशमी हो तो देवी दुर्गा मनुष्य के कंधे पर सवार होकर जाती हैं। यह शुभ फलदायक होती है। इससे देश में चारों तरफ सुख-शांति और संपन्नता होती है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में हिन्दी माह का शुभारंभ

**रायपुर/नवप्रदेश।** बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल कार्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी माह का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी. सिंह तथा उप महाप्रबंधक (अनुपालन एवं आश्वासन) डॉ. रमेश कुमार मोहंती की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के संदेश सहित बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ देबदत्त चाँद के संदेश से सभागार को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी. सिंह ने अपने संबोधन में हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करें।

डॉ. रमेश कुमार मोहंती ने हिन्दी को सरल, सशक्त और प्रभावशाली अभिव्यक्ति का माध्यम बताते हुए कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग से ग्राहकों के साथ संवाद और अधिक सहज एवं प्रभावी बनता है ।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं माह के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की घोषणा की गई; और तुरंत ही अंचल कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों के लिए रोचक विषयों पर आधारित ÷ तत्पर निष्पादन प्रतियोगिता ÷ का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विगत माह के दौरान राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्यकर्ता स्टाफश्री राजकुमार यादव को ÷राजभाषा वैभव पुरस्कार÷ भेंट कर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर अंचल राजभाषा प्रभारी श्री सोमेन्द्र यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

## न्यूज गैलरी

### अग्रसेन के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए किया जागरुक

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय के समाजकार्य के छात्रों द्वारा गोदग्राम धरमपुरा में सामान्य जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम धरमपुरा ग्राम के शासकीय विद्यालय में किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में धरमपुरा ग्राम के सरपंच गोपी यदु, माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठक नीरा पूरी और प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक मनीषा गोरहा उपस्थित रहे। सरपंच ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि समय समय पर ऐसे कार्यक्रम से हमारे गांव में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले है सामान्य जागरूकता की आवश्यकता सबको होती है कार्यक्रम के जरिए हम ग्रामीणों को प्रेरित कर सकते है।नुक्कड़ नाटक में छत्तीसगढ़ की संस्कृति तीज त्यौहार के माध्यम से ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया और छात्रों द्वारा गांव में रैली निकाल कर लोगोबको जागरूकता अभियान से जोड़ने का भी कार्य किया गया ग्रामीणों ने भी इस रैली में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का संचालन और आयोजनकर्ता समाजकार्य विभाग की सहायक प्राध्यापक रुक्मणि अग्रवाल और जिज्ञासा परमार एन एन एस की प्रभारी डॉ दीपिका अवधिया ने किया।

### डिबेट में तथ्यों के साथ करें रिसर्च : के के शर्मा

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा ने छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास के दौरान रायपुर में प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया विभाग की बैठक ली। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में विचारधारा को मजबूत करने के लिए सूचना माध्यमों का सहयोग लेना जरूरी है। इसके लिए भाजपा ने संस्थागत कार्य योजना तैयार की है, जिसके चलते पार्टी का मीडिया विभाग पूरे देश में प्रभावी कार्य कर रहा है। छत्तीसगढ़ में भी मीडिया विभाग बेहतर कार्य योजना के साथ सक्रिय है। शर्मा ने टीवी डिबेट्स के लिए प्रवक्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पार्टी लाइन पर ध्यान देकर तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। उन्होंने जोर दिया कि विपक्ष अक्सर भ्रामक प्रचार करता है, जिसका खुलासा करना जरूरी है। प्रवक्ताओं को सलाह दी कि डिबेट से पहले विषयों को केवल सर्च करने के बजाय गंभीरता से रिसर्च करें, ताकि प्रामाणिकता और मजबूती के साथ पक्ष रखा जा सके। बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा, अमित चिमनानी, प्रमोद शर्मा, शताब्दी पांडेय, उज्ज्वल दीपक और सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी मौजूद रहे।

# एलर्जी से जूझ रहे आधे भारतीय

- 40 हजार से अधिक मरीजों का जुटाया गया डाटा
- जर्नल ऑफ अस्थमा एंड एलर्जी में शोध के निष्कर्ष प्रकाशित
- 73 फीसदी लोग धूल के कण के संपर्क में आने से शिकार हुए
- करीब 53.7% लोग एलर्जिक राइनाइटिस से पीड़ित थे।

**21 हजार से अधिक लोग पीड़ित**

*अध्ययन के दौरान पता चला कि करीब 53.7 फीसदी लोग एलर्जिक राइनाइटिस से पीड़ित थे। इनकी संख्या करीब 21 हजार से अधिक थी। इस एलर्जी में सबसे आम लक्षण लगातार छींक आना शामिल रहा। करीब 69.1 फीसदी लोगों ने बताया कि वह पूरे साल छींक संबंधी समस्या से जूझते रहते हैं। इसके अलावा, नाक बंद होना और सूजन संबंधी समस्या से 87 प्रतिशत लोगों ने जानकारी दी। एलर्जिक महिलाओं और 11 से 40 वर्ष की आयु वालों में अधिक पाया गया।*

**रायपुर/नवप्रदेश।** आमतौर पर छींक आना, नाक बंद होने को सामान्य सर्दी-जुकाम के तौर पर देखा जाता है। लेकिन कई बार इसके होने की वजह एलर्जी भी होती है। एक नए अध्ययन में पाया गया कि भारत में आधे से ज्यादा लोग नाक संबंधी एलर्जी से पीड़ित हैं, जिसे विज्ञान की भाषा में एलर्जिक राइनाइटिस (एआर) कहा जाता है। इसकी वजह से व्यक्ति के नाक में सूजन होती है, जिससे हर समय नाक बहना, खुजली होना जैसी समस्याएं रहती हैं।

यह अध्ययन मुंबई के वाडिया चिल्ड्रन्स अस्पताल और फिलाडेल्फिया के अमेरिकन कॉलेज के वैज्ञानिकों ने संयुक्त तौर पर किया है। अध्ययन के दौरान भारत के 19 राज्यों में मौजूद 40 हजार से अधिक रोगियों को शामिल किया गया। इसमें 11 से 50 वर्ष से अधिक आयु वाले उन लोगों का डाटा जुटाया गया, जिन्हें नाक संबंधी लक्षणों के कारण अस्पताल या क्लिनिक में संपर्क किया था। शोध के निष्कर्ष जर्नल ऑफ अस्थमा एंड एलर्जी में प्रकाशित हुआ है।

### इनके संपर्क में आने से बढ़ता है ज्यादा खतरा

घर की धूल में पाए जाने वाले छोटे कण भी कर रहे प्रभावित

पालतू जानवरों के बाल के संपर्क में आने से भी हो रहा नुकसान

घर में पाई जाने वाली फफूंद

इससे पीड़ित पूरे साल छींक संबंधी समस्या से जूझते रहते हैं

### क्या है एलर्जिक राइनाइटिस

रिपोर्ट के अनुसार, इसमें एलर्जी पैदा करने वाले पदार्थों के संपर्क में आने पर नाक की झिल्ली में सूजन हो जाती है। इसकी वजह से छींक आना, नाक बहना, खुजली और नाक बंद होना शामिल है। यह समस्या आमतौर पर लोगों को हर समय बनी रहती है।

# आपसी झगड़ों से बच्चों का भविष्य खराब न करें : आयोग

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने माता-पिता को अपने आपसी विवादों से बच्चों के भविष्य को प्रभावित न करने की सलाह दी है। आयोग ने 15 सितंबर 2025 को अपने रायपुर कार्यालय में प्रदेश स्तर पर 344वीं और रायपुर जिले में 163वीं जनसुनवाई की, जिसमें महिला उत्पीड़न से संबंधित कई प्रकरणों पर सुनवाई हुई। इस दौरान आयोग ने फर्टिलिटी सेंटर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की।

### फर्टिलिटी सेंटर में धोखाधड़ी का मामला

एक प्रकरण में आवेदिका ने शिकायत की कि दो डॉक्टरों ने फर्टिलिटी सेंटर के नाम पर उसे मातृत्व के अधिकार से वंचित किया। आरोप है कि बिना जानकारी के भ्रूण का स्थान बदला गया, भ्रूण की स्थिति की जानकारी नहीं दी गई और जबरदस्ती अतिरिक्त फीस वसूली गई। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि पीड़िता को रिकवरी सूट, सिविल न्यायालय या उपभोक्ता न्यायालय में शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है।

### शिक्षकों का वेतन और भविष्य निधि विवाद

एक अन्य मामले में स्कूल की प्रभारी प्राचार्य और उनके तहत कार्यरत 20-30 वर्षों से सेवा दे रही शिक्षिकाओं के बीच वेतन और भविष्य निधि जमा न होने का विवाद सामने आया। शिक्षिकाओं ने बार-बार नोटिस के बावजूद समस्या हल न होने की शिकायत की। आयोग ने दोनों पक्षों को आपसी चर्चा से समाधान निकालने की सलाह दी। यदि स्कूल प्रबंधन समस्या न सुलझाए, तो शिक्षिकाओं को मैनेजमेंट का पूरा विवरण आयोग को देना होगा, जिसके बाद अगली सुनवाई में कार्रवाई होगी। 15 दिन के भीतर दोनों पक्षों को सूचित करने का निर्देश दिया गया।

# रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट की तर्ज पर खुलेंगे प्रीमियम ब्रांड के शोरूम

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशनों पर अब एयरपोर्ट की तर्ज पर प्रीमियम ब्रांड की दुकानें खुलेंगी। रायपुर, दुर्ग, भाटापारा और भिलाई पावर हाउस स्टेशनों पर ये आउटलेट गैर-किराया राजस्व नीति के तहत स्थापित किए जाएंगे। इन दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले कपड़े, जूते, छत्तीसगढ़ के हर्बल उत्पाद, शिल्पकला और अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। रेलवे ने इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन आउटलेट्स में यात्रियों को सेमसोनाइट, वीआईपी सफारी, अमेरिकन टूरिस्टर जैसे ट्रैवल सामग्री, परिधान ब्रांड जैसे एरो, वैन हेसन, बोबा, पीटर इंग्लैंड, फेबइंडिया, और जूते व खेल परिधान ब्रांड जैसे बाइकी, एडिडास, प्यूमा, रीबॉक उपलब्ध होंगे। साथ ही, छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रीमियम ब्रांड्स को भी प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय कारीगरों और उत्पादकों को बढ़ावा मिलेगा।

### दुकानें कहां और कैसे खुलेंगी?

रेलवे स्टेशनों पर केवल बड़े, भरोसेमंद और पहले से स्थापित ब्रांड्स को दुकान खोलने की अनुमति होगी। जिनके पास एयरपोर्ट या मॉल में दुकान चलाने का अनुभव है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। रायपुर रेलवे स्टेशन, जहां अभी तक कपड़े, जूते और फैशन से जुड़ी चीजें उपलब्ध नहीं हैं, में ये सुविधाएं नई होंगी। दुर्ग और भिलाई पावर हाउस स्टेशनों पर भी, जहां यात्रियों की आवाजाही अधिक है, ये दुकानें आर्थिक लाभ और सुविधा बढ़ाएंगी।

# छग में लागू होगा 'गुजरात मॉडल ऑफ एजुकेशन'

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने गुजरात प्रवास से लौटकर राज्य की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 'गुजरात मॉडल ऑफ एजुकेशन' लागू किया जाएगा, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी। यह कदम शिक्षा में तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।मंत्री यादव ने गांधीनगर में गुजरात के विद्या समीक्षा केंद्र का दौरा किया, जहां उन्होंने शिक्षा की डिजिटल निगरानी प्रणाली का अध्ययन किया। उनके मुताबिक, गुजरात में तकनीक आधारित शिक्षा प्रणाली अत्यंत प्रभावी है ।जिसे अब छत्तीसगढ़ में लागू करने की योजना है।

# डब्ल्यूआरएस मैदान में 101 फीट का रावण, 85-85 फीट के कुंभकर्ण-मेघनाथ, तैयारियां शुरू

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित ऐतिहासिक दशहरा मैदान में इस साल विजयादशमी के मौके पर 101 फीट ऊंचा रावण का पुतला लोगों का मुख्य आकर्षण बनेगा। लंकापति रावण के साथ उनके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाथ की 85-85 फीट ऊंची प्रतिमाएं भी नजर आएंगी। प्रसिद्ध मूर्तिकार एम. रवि राजा के मार्गदर्शन में रावण के सिर का ढांचा पहले ही तैयार हो चुका है, और सोमवार से बांस का काम शुरू हो गया है।

नेशनल क्लब रायपुर और दशहरा उत्सव समिति की ओर से 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व को यादगार बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए कोलकाता, खड़गपुर और बंगाल से 15 से 20 कारीगरों की टीम रायपुर पहुंची है, जो दिन-रात रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों को तैयार करने में जुटेगी। आयोजन से जुड़े रमना राव के अनुसार, पुतला निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। रावण के पुतले में तीन आकार के दस सिर बनाए जाएंगे, जिसमें सबसे बड़ा चेहरा 25 फीट, दूसरा 20 फीट और तीसरा 15 फीट का होगा।

दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व की तैयारियों शुरू हो गई है. रावण के सिर के लिए मिट्टी के सांचे बनाए जा रहे हैं। बांस के काम के लिए कारीगरों की टीम रमना राव के निर्देशन में कार्य कर रही है।

# वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने पर 26 भवन स्वामियों की 4.22 लाख की एफडीआर राजसात

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम के जोन 7 में 26 भवन स्वामियों द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं करने पर उनकी 4,22,632 रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट राशि (एफडीआर) को राजसात करने की कार्रवाई की गई है। जोन 7 के कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के अनुसार, भवन निर्माण अनुज्ञा प्राप्त करते समय इन 26 भवन स्वामियों ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए सुरक्षा राशि के रूप में एफडीआर जोन कार्यालय में जमा करवाया था। हालांकि, निर्धारित समयावधि बीतने के बाद भी इन्होंने अपने भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किया और न ही जमा एफडीआर को मुक्त करने के लिए आवेदन दिया। इसके चलते नगर निगम के नगर निवेश विभाग ने इनकी कुल 4,22,632 रुपये की एफडीआर राशि को राजसात कर लिया।

जोन 7 के नगर निवेश विभाग अब शासन के प्रावधानों के तहत राजसात की गई राशि का उपयोग कर इन 26 भवन स्वामियों के संबंधित स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करवाएगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और भूजल संचय को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है।

### पहले भी हुई हैं ऐसी कार्रवाइयां

रायपुर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर नगर निगम पहले भी सख्ती दिखा चुका है। 2023 में जोन 3 और जोन 5 में 15 भवन स्वामियों की सुरक्षा राशि राजसात की गई थी, जब उन्होंने निर्धारित समय में सिस्टम स्थापित नहीं किया। इस तरह की कार्रवाइयों से नगर निगम ने शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाए हैं।

**17.97 लाख की अवैध राशि जब्त**

# साइबर धोखाधड़ी में 79 म्यूल बैंक खातों का खुलासा

- डीडी नगर थाने में मामला दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 79 म्यूल बैंक खातों का खुलासा किया है, जिनका इस्तेमाल साइबर धोखाधड़ी के जरिए अवैध राशि जमा करने में किया गया। इन खातों में 1 जनवरी 2024 से 30 जून 2025 तक कुल 17,97,790 रुपये की धोखाधड़ी की राशि जमा होने की जानकारी सामने आई है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (ढ्ढ4ष्ट) के समन्वय पोर्टल के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई। इस मामले में थाना डीडी नगर में अपराध क्रमांक 11/2025 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

रेंज साइबर थाना, रायपुर से प्राप्त आवेदन के आधार पर पता चला कि एचडीएफसी बैंक की रायपुर शाखाओं में संचालित 79 म्यूल खातों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि को जमा करने, उपयोग करने और संवर्धन करने में किया गया। इन खातों में धोखाधड़ी से प्राप्त 17.97 लाख रुपये जमा होने की पुष्टि साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज 186 पावती अभिस्वीकृति नंबरों से हुई। पुलिस के अनुसार, इन खातों के धारक, संवर्धक और संबंधित मोबाइल नंबर धारकों ने जानबूझकर अवैध राशि को छिपाने और उसका उपयोग करने में सहायता की।

रायपुर पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस मुख्यालय के पत्र क्रमांक 582/2023 (27 अक्टूबर 2023) और स्मरण पत्र 304/2024 (4 जुलाई 2024) के आधार पर साइबर थाना रायपुर ने जांच शुरू की। समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर खातों की तकनीकी जांच की गई, जिसमें धोखाधड़ी की राशि के उपयोग का खुलासा हुआ। थाना डीडी नगर में मामला दर्ज कर इन खातों के धारकों और संवर्धकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है।

रायपुर में साइबर धोखाधड़ी के मामले पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। 2023 में रायपुर के आजाद चौक और टिकरापारा क्षेत्रों में म्यूल खातों के जरिए लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले सामने आए थे, जिसमें पुलिस ने 15 खातों को फ्रीज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि म्यूल खातों का दुरुपयोग साइबर अपराधियों का नया हथियार बन गया है, जिसके लिए बैंकों और पुलिस को और सख्ती बरतने की जरूरत है।

## सुविचार

कोई भी ऐसा व्यवसाय नहीं जो न चले। यदि आप जहरीले सांप भी बेचोगे तो लोग यह सोचकर खरीद लेंगे कि चलो इसे पड़ौसी के घर छोड़ देंगे। - अज्ञात

# तख्तापलट की घटनाओं से सबक जरूरी

बीते पांच सालों के दौरान भारत के पड़ौसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल में हुई तख्तापलट की घटनाओं से भारत को सबक लेने की जरूरत है। हालांकि भारत में तख्तापलट की संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती लेकिन पड़ौसी देशों का हश्र देखते हुए सावधानी तो बरतनी ही चाहिए। खासतौर पर तब जबकि भारत के ही कई विपक्षी नेता भारत में भी बांग्लादेश और नेपाल जैसी अराजक स्थिति पैदा होने की संभावना जता रहे हों। पिछले कुछ दिनों से विपक्षी नेताओं के ऐसे बयान सामने आये हैं जो मन ही मन भारत में भी अराजकता फैलने का सपना देख रहे हैं। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने इस बार में विवादास्पद बयान देते हुए कहा था कि भारत में भी भारी असंतोष है और यहां भी नेपाल जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं डरा नहीं रहा हूं बता रहा हूं कि बिहार नेपाल के निकट है और यहां भी कुछ भी हो सकता है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने बयान दिया है कि यदि कश्मीर में दमन नहीं रूका तो यहां भी नेपाल जैसी स्थिति बन सकती है। समाजवादी पार्टी के एक नेता आईपी सिंह ने तो भारत के नौजवानों से सड़क पर उतरने का ही आव्हान कर डाला। इसी तरह के और भी कई आपत्तिजनक बयान सामने आये हैं जिसपर गौर करने से यही लगता है कि भारत में भी देश विरोधी शक्तियां अराजकता फैलाने का मंसूबा बनाये हुए हैं। ऐसे लोगों को तो भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने करारा जवाब दिया है और कहा है कि यदि भारत में नेपाल जैसी स्थिति बनती है तो सबसे पहले नेहरू-गांधी परिवार देश छोड़कर भागेगा उसके बाद अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव उद्धव ठाकरे और स्टालिन जैसे लोगों को भी भागना पड़ेगा। बहरहाल केन्द सरकार ने पड़ौसी देशों में हुई तख्तापलट की घटनाओं को मद्देनजर रखकर एहतियात बरतनी शुरू कर दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत में भी विरोध प्रदर्शन के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिशों पर लगाम लगाने के लिए यह निर्देश जारी किया है कि 1974 के बाद से हुए विरोध प्रदर्शनों का अध्ययन किया जाये और यह पता लगाये जाये कि इन विरोध प्रदर्शनों का कारण क्या था उन्हें वित्तीय मदद कहां से मिली और पर्दे के पीछे किनका हाथ रहा है। जाहिर है केन्द्र सरकार भविष्य में विरोध प्रदर्शन के नाम पर देश को अराजकता की आग में झोंकने की कोशिशों पर रोक लगाने के लिए कटिबद्ध हो गई है जो जरूरी भी है। इस बारे में विस्तृत अध्ययन करके सरकार को रिर्पोट सौंपी जाएगी और इसमें प्रवर्तन निदेशालय तथा अन्य केन्द्रीय एजेंसियों को भी शामिल किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी किसान आंदोलन और साहिन बाग आंदोलन जैसे कुछ आंदालनों के दौरान देश का माहौल खराब करने की कोशिश जा चुकी है इसलिए सावधानी बरतनी जरूरी है।

# छत्तीसगढ़ में खेल से वंचित होता बचपन

छत्तीसगढ़ में बच्चों के खेलने के लिए मैदान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्कूलों में भी बच्चों के लिए जो मैदान छोड़े गये थे उनका भी अब व्यवसायिक उपयोग होने लगा है और गांव कस्बों में तो खेल के मैदान बेजा कब्जों की भेंट चढ़ने लगे हैं। ऐसे में खेल से बचपन वंचित हो रहा है। इस बारे में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को एक परिपत्र जारी करके बच्चों के खेलने के लिए मैदान सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। इस पत्र में कहा गया है कि नगरीय क्षेत्रों में खुले मैदानों का व्यवसायिक उपयोग करने की वजह से बच्चों के लिए खेल की सुविधायें सीमित होती जा रही है। जिसकी वजह से खेल प्रतिभावों को प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। आयोग ने आवासी कॉलोनियों में भी बच्चों के खेल के लिए मैदान सुरक्षित करना अनिवार्य करने उचित पहल का शासन से अनुरोध किया है। जिन खेल मैदानों में अतिक्रमण हो गया है उसे भी जल्द से जल्द बेजा कब्जे से मुक्त कराने के लिए कड़ी कार्यवाही की अनुसंशा की है। आयोग की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। राज्य सरकार को इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करके तत्काल कारगर कदम उठाना चाहिए ताकि मासूम बचपन खेल से वंचित न रहे और प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

## सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ मैं उन्हें समझदार लोग मानता हूँ जो लोग सदा अपने पसंद के अनुरूप काम करते हैं और मैं उन्हें जीनियस मानता हूँ जो इस पश्थ्वी पर आने के बाद जो जरूरतें हैं उसके लिए उस समय से कार्य करता है। जब जिस चीज की जरूरत हो वह काम कर रहा है वह जीनियस है। आप भी समझदार से थोड़े जीनियस बनो, केवल पसंद के पीछे जिंदगी हाय-हाय मत करो !

◆ जो मिल गया तो अच्छा और न मिला तो बहुत अच्छा।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1821 एमहर्स्ट कॉलेज मैसाचुसेट्स में स्थापित किया गया। 1842 पिट्सबर्ग पोस्ट-गैजेट का पहला संस्करण प्रकाशित किया गया। 1851 न्यू यॉर्क टाइम्स, इनयूनाइटिड राज्यों में सबसे बड़ा महानगरीय समाचार पत्र स्थापित किया गया था। 1851 न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने प्रकाशन शुरू किया। 1889 हॉल हाउस , संयुक्त राज्य अमेरिका का सबसे प्रभावशाली घर, शिकागो में खोला गया। 1895 डैनियल डेविड पामर ने पहली चिरोप्रैक्टिक समायोजन टोडीफ़े चौकीदार हार्वे लिलार्ड को दिया। 1910 चिली शहर ने स्पेन से आजाद होने के बाद, अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी का जश्न मनाया। 1918 प्रथम विश्व युद्ध- डोब्रो पोल की लड़ाई में सेंट्रल पावर्स की हार ने युद्ध से बल्गेरियाई वापसी में एक भूमिका निभाई और वर्दार मैसेडोनिया के बाद के मुक्ति के लिए रास्ता खोला। 1919 हालैंड में महिलाओं को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ। 1922 हंगरी लीग ऑफनेशंस में शामिल हुआ।

महेन्द्र तिवारी

*ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद हुए संघर्षों के बाद जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तनाव कम करने के लिए प्रयास किए, उसमें अमेरिका की मध्यस्थता की बात करना ट्रंप के लिए राजनीतिक लाभ का साधन था। लेकिन पाकिस्तान का यह खुलासा साफकरता है कि वास्तविकता इससे अलग थी। दोनों देशों के बीच संवाद की प्रक्रिया कठिन और संवेदनशील है, और ऐसे में किसी बाहरी शक्ति का हस्तक्षेप स्वीकार करना भारत के लिए असंभव है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री के बयान से यह भी स्पष्ट है कि बातचीत का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं है, लेकिन इसका खुलना भारत और पाकिस्तान के आपसी फैसलों पर निर्भर करेगा। इस बयान ने न केवल एक अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विवाद को शांत किया है, बल्कि यह भी दिखा दिया है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में घरेलू और द्विपक्षीय प्राथमिकताएं हमेशा बाहरी दावों से ज्यादा मजबूत रहती हैं।*

# सीजफायर विवाद में ट्रंप की किरकिरी, पाकिस्तान ने खोली पोल

पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों की पोल खोल दी है, जिनमें उन्होंने बार-बार कहा था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में मध्यस्थता की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में स्पष्ट कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान या उसके बाद किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं हुई थी। उन्होंने खुलासा किया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्कोरुबियो ने खुद माना था कि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि यह पूरी तरह से दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को खत्म करने में मदद की थी और यहां तक कि दोनों देशों के सीजफायर के पीछे अमेरिका की भूमिका बताई थी। भारत इन दावों को लगातार खारिज करता रहा है और अब पाकिस्तान ने भी इसकी पुष्टि कर दी है कि सीजफायर का फैसला दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत से लिया गया था, न कि अमेरिकी दखल से।

इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत से कई बार बातचीत के लिए पहल की है, लेकिन उनकी तरफसे कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्लामाबाद वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत के लिए भीख नहीं मांगेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है और उसका मानना है कि समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत करने के लिए दो पक्षों की आवश्यकता होती है और पाकिस्तान भारत को बातचीत के लिए मजबूर नहीं कर सकता। डार के इस बयान से यह भी साफहो गया कि पाकिस्तान यह मानता है कि आगे बढ़ने का रास्ता केवल संवाद के माध्यम से ही निकलेगा, लेकिन उसकी ओर से किसी भी तरह का दबाव बनाने या याचना करने का प्रयास नहीं होगा। ट्रंप ने पिछले कई महीनों में तीस से अधिक बार सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह तक कहा था कि अगर दोनों देश संघर्ष को रोक देंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करेगा। ट्रंप के इन दावों को भारत ने हर बार सिरे से नकार दिया। भारत का रुख साफथा कि ऑपरेशन

सिंदूर के बाद जो संघर्ष विराम हुआ, वह पूरी तरह से दोनों देशों की सेनाओं के महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत का परिणाम था। भारत ने लगातार यह दोहराया कि किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं थी और दोनों देशों के बीच मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र रास्ता द्विपक्षीय संवाद है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री के ताजा बयान ने ट्रंप के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि वह भारत के साथ रिश्ते सुधारने के इच्छुक हैं, क्योंकि बिगड़े हुए संबंधों ने उसकी आंतरिक और बाहरी नीतियों पर दबाव डाला है। पहले पहल की गई कोशिशों के बावजूद भारत की चुप्पी या सख्त रुख ने पाकिस्तान को यह संदेश दे दिया है कि बिना आपसी विश्वास और माहौल बने बातचीत संभव नहीं है। डार ने यह भी कहा कि अगर कोई देश बातचीत करना चाहता है तो पाकिस्तान उसका स्वागत करेगा, लेकिन भारत के न चाहने पर वह कोई दबाव नहीं डालेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान अपनी ओर से हमेशा शांति चाहता है, लेकिन वह अपनी गरिमा से समझौता नहीं करेगा। यह घटनाक्रम यह भी दिखाता है कि भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में कूटनीतिक संवेदनशीलता कितनी गहरी है। पाकिस्तान का यह बयान न केवल ट्रंप के दावों को कमजोर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि दोनों देशों के बीच किसी भी समस्या का समाधान बाहरी मध्यस्थता से नहीं, बल्कि आपसी बातचीत और विश्वास से ही संभव है। ट्रंप के दावे उस समय भी संदेह के घेरे में थे, क्योंकि भारत ने तत्काल उन्हें खारिज कर दिया था।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री के इस सार्वजनिक बयान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी दावों की विश्वसनीयता को भी चुनौती दी है। अमेरिका लंबे समय से दक्षिण एशिया में शांति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत का रुख हमेशा यही रहा है कि कश्मीर और सीमा से जुड़े विवादों का समाधान द्विपक्षीय रूप से ही किया जा सकता है। पाकिस्तान ने अब इस तथ्य को स्वीकार कर लिया है कि भारत इस सिद्धांत से हटने को तैयार नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद हुए संघर्षों के बाद जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तनाव कम करने के लिए प्रयास किए, उसमें अमेरिका की मध्यस्थता की बात करना ट्रंप के लिए राजनीतिक लाभ का साधन था। लेकिन पाकिस्तान का यह खुलासा साफ करता है कि वास्तविकता इससे अलग थी। दोनों देशों के बीच संवाद की प्रक्रिया कठिन और संवेदनशील है, और ऐसे में किसी बाहरी शक्ति का हस्तक्षेप स्वीकार करना भारत के लिए असंभव है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री के बयान से यह भी स्पष्ट है कि बातचीत का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं है, लेकिन इसका खुलना भारत और पाकिस्तान के आपसी फैसलों पर निर्भर करेगा। इस बयान ने न केवल एक अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विवाद को शांत किया है, बल्कि यह भी दिखा दिया है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में घरेलू और द्विपक्षीय प्राथमिकताएं हमेशा बाहरी दावों से ज्यादा मजबूत रहती हैं।

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

*प्रधानमंत्री मोदी इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील खतरा मानते हैं। हमारे युवाओं के हिस्से के संसाधन और रोजगार छिन रहे हैं। महिलाओं की इज्जत के साथ छल-कपट, खिलवाड़ किए जा रहे हैं। यकीनन यह विकराल राष्ट्रीय समस्या लगती है। बंगाल से सटी बांग्लादेश की 569 किमी सीमा ऐसी है, जहां फेंसिंग (बाड़) नहीं लग सकी है। बंगाल में बांग्लादेश से लगी कितनी सीमा पर फेंसिंग नहीं हुई है, इसकी वजह क्या है, पिछले तीन वर्षों में कितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं, इन सवालों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब दिया था कि बंगाल से लगती बांग्लादेश की सीमा की कुल लंबाई 2216 किमी है, जिसमें से 1648 किमी पर फेंसिंग हो चुकी है।*

# घुसपैठियों की विकराल होती समस्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वतंत्रता दिवस' पर लालकिले की प्राचीर से 'राष्ट्रीय डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की थी। बीते अगस्त को कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, तृणमूल कांग्रेस अपनी 'सत्ता की भूख' मिटाने के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। यह देश अब घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। हम उन्हें भारत में रहने नहीं देंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि घुसपैठिये बंगाल और देश छोड़कर चले जाएं, तृणमूल सरकार को जाना होगा। केवल आपका वोट ही घुसपैठियों को देश से बाहर खदेड़ना सुनिश्चित कर सकता है। ये लोग बंगाल की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) बदल रहे हैं। मुझे आश्चर्य है कि तृणमूल और कांग्रेस समेत कुछ राजनीतिक दल तुष्टीकरण की राजनीति के आगे झुक गए हैं।

सत्ता की भूख में ये दल घुसपैठ को बढ़ावा दे रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई और घुसपैठ रोकने की राह आसान है? देश के अन्य राज्यों में घुसपैठियों पर हो रही कार्रवाई को बांग्लाभाषियों के खिलाफ उत्पीड़न बताकर जिस तरह की राजनीति हो रही है, यह भी एक गंभीर मुद्दा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद को बताया था कि भारत में लगभग 2 करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। यह ऑस्ट्रेलिया की पूरी आबादी के बराबर है। 2004 में तत्कालीन यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने खुलासा किया था कि देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में कुल 1 करोड़ 20 लाख 53,950 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मौजूद हैं। ये आंकड़े सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों के थे, जबकि म्यांमार, नेपाल और अन्य देशों से भी अवैध तरीके से लोग भारत में घुसते रहे हैं। अब 2025 में ये तमाम आंकड़े काफी ज्यादा बढ़ चुके होंगे! बुनियादी आंकड़ा 2 करोड़ भी मान लेते हैं, तो उस अनुपात में घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ा क्यों नहीं जा रहा है? यदि उनके भी मानवाधिकार की चिंता करें, तो 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद, हर साल, घुसपैठियों को उनके मूल देश भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार के सामने बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की राह में कई रोड़े हैं, जिन्हें हटाकर ही इस गंभीर समस्या से निपटना संभव हो सकेगा। जिस तरह से सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदली जा रही है, वह बंगाल में सामाजिक संकट पैदा कर रहा है। खासतौर पर किसानों से धोखाधड़ी करके उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। आदिवासियों को गुमराह करके उनकी जमीन हड़पी जा रही है। देश यह सहन नहीं कर सकता। इसे रोकना ही होगा, इसलिए इस बार लाल किले से मैंने घुसपैठ के खिलाफ विशेष डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। पीएम मोदी ने जो बातें कही हैं, इसमें उनकी चिंता झलक रही है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के नेता घुसपैठ को केंद्रीय गृह मंत्रालय की नाकामी बताकर केंद्र सरकार को जिस तरह से कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में हैं, वह यह बताने को काफी है कि इस मुद्दे पर उनका सोच क्या है। इस समय राज्य में तृणमूल की ओर से भाषा आंदोलन चलाया जा रहा है। यह आंदोलन कथित तौर पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों को उत्पीड़ित किए जाने के खिलाफ है। दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र व ओडिशा जैसे राज्यों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसमें पकड़े गए कुछ बंगाल के प्रवासी श्रमिक भी थे, जिन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था। उसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के बांग्लाभाषियों का उत्पीड़न व अपमान बताकर बंगाली अस्मिता का कार्ड खेलना शुरू कर दिया है। इन परिस्थितियों में बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कैसे शुरू हो सकेगी? अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात शुरू हुई ही है तो तृणमूल समेत कांग्रेस व वामपंथी दल विरोध में खड़े हो गए हैं। घुसपैठियों से निपटने के साथ-साथ केंद्र सरकार को बंगाल में घुसपैठ रोकने के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने होंगे। असम और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं।

बिहार में तो दो माह में ही चुनाव संपन्न हो जाएंगे। लिहाजा घुसपैठियों के खिलाफ हुंकारें समझ में आती हैं। बेशक देश के सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकी संतुलन कई जगह बिगड़ चुका है। कई जगह मुसलमान बहुमत में आ चुके हैं और हिंदू अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं। असम में 50 लाख से अधिक और बंगाल में 57 लाख से अधिक बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण ये समीकरण बदल रहे हैं। नतीजतन सांप्रदायिक दंगों के हालात भी बनते रहे हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा में जो हिंदू-विरोधी उत्पात मचाए गए, हिंसक प्रहार किए गए, घर उजाड़ दिए गए, उस परिदृश्य पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा जा सकता है।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### स्त्री बादल नहीं है

स्त्री बादल नहीं है स्त्री समुद्र नहीं है ना ही पहाड़ों से फूटता कोई मीठे पानी की झील फिर भी प्यास से व्याकुल अपनों की दुनिया बचाने के लिए अपने आद्र मन और भींगे नयन से परदेश गए बादलों को देती है न्योता सूखी टहनियों पर बाँध आती है लाल मौली धागा नदी की सूखी देह पर पूज आती है इंद्र देव को और कोसों दूर से अपने कमर - सर पर रख घड़े-देगची वह लाती है राहत की बूँद ताकि बचा रहे अपनों के तन में तीन भाग समुद्र इस तरह प्यासे और सूखे मौसम के विरुद्ध अपनों के लिए स्त्रियाँ बन जाती है घूँट भर उम्मीद। - **सत्या शर्मा कीर्ति**

### केवल बातों से

केवल बातों से नहीं, हिन्दी का सम्मान। बने राष्ट्र भाषा,सभी, इसपर भी दें ध्यान।। हिन्दी का है आज तक, दोयम दर्जा-नाम। संसद में होता नहीं, क्यों हिन्दी में काम।। मना लिया हिन्दी दिवस, जप हिन्दी का नाम। सुधरी क्या उसकी दशा, सिद्ध किए निज काम।।

- **शुचि भवि**

### इधर जंगल और बाघ चिंता के

इधर जंगल और बाघ चिंता के विषय बन गये हैं .जंगल जिस तेजी से घटे उससे भी ज्यादा तेजी से बाघ लुप्त हुवे, साहित्य में भी अब बाघ और जंगल नजर नही आते जंगल पहाड़ और जंगली जानवर साहित्य से छिटक गये हैं । - **तपन मुखर्जी**

### जन्म लेते ही नवजात शिशु सुन कर

जन्म लेते ही नवजात शिशु सुन कर - देखकर तदुपरांत बोलता और लिखता है, जैसे जैसे हम बड़े होते जाते है चक्र उल्टा चलने लगता है, और यही से ईर्ष्या, द्वेष, हीनभावना से आज का युवा कुंठित तदुपरांत अवसाद से ग्रसित हो जाता है चलो लौट चले फिर बचपन में... - **मधुबाला मौर्या**

### जीवन इतना सरल कहां है हृदय

जीवन इतना सरल कहां है हृदय बन गया पत्थर अब तो रहा नहीं वह तरल कहां है दबा बोझ से पढ़ा लिखा वह काम हुआ अब सरल कहां है तकनीकों में उलझ गया युग संवेदन से भरा कहां है धन-दौलत की ये संपन्नता लगती सुख पर गरल यहां है। कदम-कदम पर हैं चुनौतियां जीवन इतना सरल कहां है। - **कमल मेहर**

### छोड़ों मानव द्वेष को, रखिए मन

छोड़ों मानव द्वेष को, रखिए मन को शुद्ध। कपट भाव करता सदा, जीवन पथ अवरुद्ध ।। जीवन पथ अवरुद्ध, हृदय के मैल मिटाओ। पूर्वाग्रह को त्याग, सभी को गले लगाओ।। दया प्रेम सहयोग, क्षमा से नाता जोड़ो। बढ़ा प्रेम का हाथ ,विभेदों को सब छोड़ो।। - **सुनिल शर्मा नील**

### मै गुम रहती हूँ तुझमें,तेरा बनकर

मै गुम रहती हूँ तुझमें,तेरा बनकर,तू रहता है मुझमें मेरा सा बनकर... मेरी आँखो की पलकें सजती है खुशनुमा ख्वाब से जो तुझसे ही रौशन रहती है... मेर साँसों की डोर भी जुड़ी रहती है तेरी खुशबू से लबरेज रहती है महकते एहसास से... एक तुम्हारी यादें ,तुम्हारा स्पर्श का अनुभव करा जाती है जब मै बिखरती हूँ, थाम लेती है... एक तुम्हारी बात ही तो थी जेहन में अक्सर शोर मचाती हुई हर पल तुम्हारे लिए हर्फबन गजल बनती। - **सपना चन्द्रा**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष** : आज आप दिन के आरम्भ में अधूरे कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में रहेंगे यह आपके लिये हितकर ही रहेगा मध्यान के बाद परिस्थिति बदलने लगेगी।

**वृषः** आपके लिये आज का दिन लाभ के अवसर लाएगा लेकिन आलस्य प्रमाद के कारण ये अवसर अन्य किसी के हाथ भी लग सकते है।

**मिथुनः** आपके लिए आज का दिन परिश्रम साध्य रहेगा।

**कर्कः** आपके लिये आज का दिन भी आनंद दायक रहेगा लेकिन फिजूल की बयानबाजी से आज बचना होगा मन मे अहम आने से अपने आगे किसी को नही गिनेंगे।

**सिंहः** दिन के पहले भाग में आप अपनी सोची हुई योजनाए पूर्ण कर सकते है अगर आलस्य या लापरवाही करी तो हाथ आये लाभ से वंचित भी हो सकते है।

**कन्याः** आज दिन का पूर्वार्ध लाभदायक रहेगा इसका समय रहते लाभ उठायें मध्यान से स्थिति विपरीत होने लगेंगी।

**तुलाः** आज दिन के आरंभिक भाग में आपको किसी से शुभ समचार मिलेगा परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएंगे।

**वृश्चिकः** आपके लिये आज का दिन राहत भरा रहेगा। पिछले कुछ दिनों से चल रही मानसिक परेशानी में कमी आयेगी।

**धनुः** आज दिन के पूर्वार्ध में आप भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे मानसिक चंचलता सही निर्णय नही लेने देगी।

**मकरः** आज का दिन आपके लिये शुभ रहेगा। पारिवारिक एवं सामाजिक मामलों में निष्पक्ष फैसले लेंगे जिससे आपकी छवि सम्मानजनक बनेगी।

**कुंभः** आज के दिन आपको अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आप शीघ्र ही अपने कार्यो में जुट जाएंगे।

**मीनः** आज के दिन आप अपनी बुद्धि का सही जगह इस्तेमाल करेंगे विवेकी व्यवहार रहने से बिगड़े सम्बन्धो में सुधार आयेगा।

सूर्योदय : 06:17, सूर्यास्त : 06:26, चन्द्रोदय : 26:24, चन्द्रास्त : 15:52, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आश्विन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : पुष्य, योग : शिव, प्रथम करण : बव (11:57 तक), द्वितीय करण : बालव (23:39 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : कर्क, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कन्या (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

## QUIZ TIME

1) 27वें अखिल भारतीय वन खेल महोत्सव 2024 में किस राज्य ने समग्र चैंपियन का खिताब जीता?

2) दुनिया की सबसे लंबी एक्सप्रेस वे सुरंग, तियानशेन शेंगिल सुरंग, किस देश में स्थित है?

3) हाल ही में खबरों में देखा गया माउंट कानलोन किस देश में स्थित है?

4) कौन से प्रोटोप्लैनेट की पृथ्वी से टक्कर चंद्रमा के निर्माण से जुड़ी है?

5) 2025 पेन पिंटर पुरस्कार किसने जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) छत्तीसगढ़ (2) चीन (3) फिलीपींस (4) थेया (5) लीला अबुलेला

## शब्द सागर

न्यूज गैलरी

## राजिम में साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया गया

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** जिला गरियाबंद पुलिस द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम में साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूल के छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान थाना राजिम पुलिस टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अनचाहे लिंक ,क्व स्रद्वद्यद्म को डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों किराए से दूसरों को न देना, डिजिटल अरेस्ट जैसे कोई चीज नहीं होती किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है । इस सभी फ्रॉड विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराने को बोला गया ।

## शराबी बेटे ने नशे में पिता को पीटा

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सांकरा पुलिस ने बुजुर्ग से मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को तिलंजनपुर निवासी जधुरस चौहान (65) ने बताया कि उसका पुत्र शिवलाल शराब पीकर घर में वाद-विवाद करता रहता है, जिससे परिवार परेशान है। 15 सितंबर की रात करीब 8 बजे शराब पीकर आकर विवाद करने लगा, जिसे मना किया और समझाया। जिस पर उसने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## प्रयास विद्यालय में दीपांशु का चयन

**महासमुंद/नवप्रदेश।** स्थानीय वृंदावन में अध्ययनरत कक्षा नवमीं के छात्र दीपांशु सिदार का

प्रयास विद्यालय बिलासपुर (छग) के लिए चयन हुआ है। यह परीक्षा जून 2025 को आयोजित हुई थी। शाला के संचालक एमआर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, रेखा साहू समेत सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

## बेटे ने पिता के साथ की मारपीट

**महासमुंद/नवप्रदेश।** पिथौरा पुलिस ने पिता के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। ग्राम सुखीपाली निवासी ईश्वर राणा ने पुलिस को बताया कि सगे भाई एवं बड़े पिताजी का देहांत हो जा जाने से तीज कार्यक्रम के लिये सामान खरीदकर लाया था। जिससे 15 सितंबर की शाम करीब 7 बजे पत्नी उत्तरा राणा के साथ कहासुनी हो गई। पुत्र मुकेश राणा ने मेरी मां को चिल्ला रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए डंडे से पीटा। मामले में आरोपी के खिलाफधारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## राजिम - रायपुर मेमू ट्रेन डोंगरगढ़ तक चलाया जाए : अशोक

**नवापारा/नवप्रदेश।** बहु प्रतीक्षित राजिम रेलवे

स्टेशन से मेमू ट्रेन प्रारंभ होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बधाई पत्र लिखते हुए नवदीप जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने इस ट्रेन को डोंगरगढ़ एवं रायगढ़ तक विस्तार करने की मांग स्थानीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की है। क्योंकि राजिम नगर एक पौराणिक एवं धार्मिक नगर है जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में अस्थि विसर्जन करने त्रिवेणी संगम राजिम आते हैं। यहां प्रतिवर्ष राजिम में विराट संत समागम एवं कुंभ मेला का आयोजन होता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। इसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। जिसे छत्तीसगढ़ के रेल मार्ग से जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है। रेल प्रारंभ होने पर समिति के सदस्य मोहन साहू, प्रेम कुमार साहू, अशोक गुप्ता, गिरीश यादव, कुलेश्वर साहू, अवध साहू, जी आर पारकर ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई पत्र लिखी है।

# विधायक ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

**उतई/नवप्रदेश।** ग्राम कुथरेल में आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद प्राप्त किया । और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना किया वास्तुकला, निर्माण एवं सृजन के अधिष्ठाता, भगवान श्री विश्वकर्मा जी की जयंती पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!

प्रभु श्री विश्वकर्मा जी की कृपा से प्रदेशवासियों के जीवन में सदा सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। उनकी आशीर्वाद से हम सभी को सफलता और नए अवसर प्राप्त हों। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सभापति लोमस चंद्राकर, अध्यक्ष डीहार

प्रताप विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष परमेश्वर विश्वकर्मा, सचिव टाकेन्द्र विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, पुरूषोतम विश्वकर्मा, देवनारायण विश्वकर्मा, विक्रम विश्वकर्मा, संदीप, ईश्वरी विश्वकर्मा, बल्लू विश्वकर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के आईटीआई डिपाटमेंट में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन

प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द उतई, भिलाई में सृष्टि के रचयिता, ब्रम्हा जी के सातवें पुत्र भगवान विश्वकर्मा की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की गई हैं। भगवान विश्वकर्मा को सर्जनहार और शिल्पकार के रूप में पूजा जाता है। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्री रुपेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू , श्री असीम साहू सर ,आईटीआई के प्राचार्य श्री ललित कुमार साहू, डॉक्टर दुर्गा त्रिपाठी, करण साहू, मुकेश साहू, निधि यदु, शिवानी सिंह,स्कूल के प्राचार्य श्री डूमेश देवांगन, श्रीमती स्वर्णलता पाल एवं समस्त प्रशिक्षक, शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में आईटीआई के सभी प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

### अपात्र होते हुए मंत्री के रिश्तेदार को बनाया गया डीएमसी

# स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद भी शिक्षकों का संलग्नीकरण

■ राजनीतिक प्रभावशाली शिक्षकों पर विभाग मेहरबान

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के बावजूद, राजनीतिक पहुंच वाले शिक्षकों का मनमाना संलग्नीकरण जारी है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, कई शिक्षक अपने मूल शैक्षणिक कार्य को छोड़कर अन्य विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षा विभाग सब जानकर भी अनजान है।

जिले में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया था, लेकिन अधिकारी और नेताओं के चहेतों को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया। शिक्षा विभाग भी राजनीतिक प्रभाव रखने वाले शिक्षकों के प्रति मेहरबान है। विभाग एक ओर शत- प्रतिशत युक्तियुक्तकरण का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कई शिक्षक अन्य विभागों में संलग्न होकर

प्रशासनिक या लिपिकीय कार्य कर रहे हैं। इससे शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, महासमुंद जिले में सरकारी स्कूलों में पदस्थापना या अन्य विभागों में संलग्नीकरण के लिए राजनीतिक पहुंच या शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ आवश्यक है। ऐसे मामलों में सभी नियम-कायदों को दरकिनार कर दिया जाता है, जबकि सामान्य शिक्षकों को नियमों का कड़ाई से पालन करना पड़ता है। जिला मुख्यालय में ऐसे कई शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं जिन्होंने नौकरी में आने के बाद कभी स्कूलों में अध्यापन कार्य नहीं किया। अपनी राजनीतिक पहुंच के चलते वे पात्रता न रखते हुए भी समग्र शिक्षा में प्रतिनियुक्ति पर अधिकारी बन बैठे हैं। प्रदेश के एक मंत्री के रिश्तेदार को भी अपात्र होते हुए डीएमसी के बनाया गया है। जबकि नियमानुसार प्राचार्य स्तर के शिक्षकों को जिला मिशन समन्वयक के पद पर बिठाया जाता है लेकिन यहां एक प्रधान पाठक को सिर्फइस लिए बना दिया गया क्योंकि वे मंत्री के रिश्तेदार है।

अफसरों ने वरिष्ठ को कनिष्ठ और कनिष्ठ को वरिष्ठ बताया गया। इस विसंगति से नाराज कई शिक्षक न्यायालय की शरण में जा चुके हैं। कुछ शिक्षक तो 16 जून को कार्यभार ग्रहण करने के बाद से स्कूल ही नहीं जा रहे हैं। हालांकि, विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि जिले में कोई संलग्नीकरण नहीं है।

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के 2 सितंबर को शिक्षकों का संलग्नीकरण नहीं किये जाने का आदेश सभी कलेक्टर को जारी किया गया है।

### नये शिक्षा सत्र से स्कूल ही नहीं जा रहें

नये शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू हो चुका है। अटेचमेंट में रहे शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के तहत हटाया गया है, लेकिन ऐसे भी शिक्षक हैं जो ज्वाइनिंग देने के बाद से स्कूल ही नही जा रहें। सहायक शिक्षक आकांक्षा मिश्रा मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर परसकोल में व्यवस्था में थी जिसे युक्तियुक्तकरण में प्राथमिक शाला रामाडबरी भेजा गया। लेकिन ज्वाइनिंग देने के बाद से स्कूल नही जा रहें हैं। विभाग ने शिक्षिका को दो स्पष्टीकरण जारी कर चुके हैं। इसी तरह विनोद कुमार पटेल बड़गांव प्राथमिक शाला जो 16 जून से अबतक स्कूल से गैरहाजिर है।

जिले में कोई भी संलग्नीकरण नहीं है। नवकिरण एकेडमी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के जिला कार्यालय से व्यवस्था में लगाया गया है। और प्रतिनियुक्ति में समग्र शिक्षा में है जो कलेक्टर के अनुमोदन से हुआ है।

**विजय कुमार लहरे**, जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद

## सेवा पखवाड़ा भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद/नवप्रदेश।** भाजपा ग्रामीण मंडल के तत्वाधान में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कनेकेरा में कनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में साफसफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू उपस्थित थे। बाबा भोलेनाथ के मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु जीवन के लिए मंगल कामना की गई और जन्मदिन के अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री साहू ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिला कर मुंह मीठा कराया।अंत में सभी को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया। उक्त अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू दिग्गी, कार्यक्रम के जिला संयोजक राहुल चंद्राकर,ग्रामीण महामंत्री गण डॉ माखन सिन्हा, साजन यादव, आनंद साहू उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, पंकज चंद्राकर, कार्यक्रम संयोजक परमानंद साहू, सहसंयोजक गण प्रेम साहू, श्रीकांत शर्मा, मेघराज ध्रुव उपाध्यक्ष, मेघराज चंद्रसेन मंत्री, श्रीमती यशोदा साहू मंत्री, श्रीमती चुनेश्वरी साहू महिला मोर्चा महामंत्री, श्रीमती खे़मिन देवदास सरपंच कनेकेरा, श्रीमती चम्पेश्वरी साहू सरपंच , तोषण साहू, महेश जोशी, रामेश्वर सिन्हा, सनत साहू, चंद्रप्रकाश, हेमंत साहू, श्रीमती सोनम साहू, मोहन साहू, श्रीमती सुभद्रा साहू, श्रीमती भावना साहू, एस कुमार साहू, श्रीमती सरस्वती साहू, दूज बाई दीवान, श्रीमती इंद्रवती, श्रीमती सीमा साहू, श्रीमती ऊषा साहू, श्रीमती छाया साहू, चक्रेश्वरी, ममता साहू, डिगेश्वरी दीवान, दिव्या टंडन, पन्नालाल साहू, दिनेश साहू, राजू साहू, राजेंद्र कुमार, लोकनाथ चंद्राकर, उदयराम साहू, हरेंद्र साहू, पूर्णिमा सहित कार्यकर्तागण शामिल रहे।

## बागबाहरा महाविद्यालय इतिहास में पहली बार कैंपस प्लेसमेंट - चार विद्यार्थियों का चयन

**बागबाहरा/नवप्रदेश।** बागबाहरा महाविद्यालय ने अपने इतिहास में पहली बार कैंपस प्लेसमेंट का सफल आयोजन कर नई उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज के मार्गदर्शन और रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. खिलावन पटेल के संयोजन में आयोजित इस प्लेसमेंट ने विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए द्वार खोले हैं।

मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिरकोनी की ओर से आयोजित इस चयन प्रक्रिया में केमिस्ट और केमिस्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट पदों के लिए भर्ती की गई। कंपनी ने पात्रता के रूप में केमिस्ट पद हेतु रसायन शास्त्र विषय के साथ बीएससी तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए रसायन शास्त्र विषय के साथ एमएससी की डिग्री अनिवार्य बताई थी।करीब 55 विद्यार्थियों ने इस प्लेसमेंट के लिए पंजीयन कराया। चयन प्रक्रिया दो चरणों में सम्पन्न हुई। पहले चरण में 50 अंकों की लिखित परीक्षा ली गई, जिसमें रसायन शास्त्र विषय आधारित प्रश्न पूछे गए। इसके बाद लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया गया। अंतिम परिणाम में चार विद्यार्थियों ङ्क नोबल कुमार साहु, हेमन्त चंद्राकर, योगेश पटेल और क्षमानिधि का चयन केमिस्ट पद पर किया गया। चयनित विद्यार्थियों को मनोरमा कंपनी द्वारा एक वर्ष की ट्रेनिंग अवधि के साथ 2.40 लाख रुपये वार्षिक वेतन पर नियुक्ति दी जाएगी। इस अवसर पर मनोरमा इंडस्ट्रीज लिमिटेड से डॉ. आलोक शर्मा, मनोज एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने चयन प्रक्रिया का संचालन किया। आयोजन को सफल बनाने और व्यवस्थापन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने बखूबी निभाई। महाविद्यालय के सभी कर्मचारी, अधिकारी और हस्स् की टीम इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

संयोजक डॉ. खिलावन पटेल ने कहा कि ऐसे कैंपस प्लेसमेंट हर वर्ष आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ेगा तथा महाविद्यालय से पढ़कर निकले छात्र सीधे उद्योग जगत से जुड़ पाएंगे। महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि को संस्था के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

## बिरकोनी में गांजा बेचते पकड़ाया

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सिटी कोतवाली पुलिस ने ठेले में गांजा बेच रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। ग्राम बिरकोनी में श्याम धर्मकांटा के सामने ठेला में गांजा बिक्री की सूचना पर पुलिस ने संदेही व्यक्ति से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम वार्ड नंबर 20 एचपी पेट्रोल पंप के पीछे बिरकोनी निवासी हीरामन निषाद (31) बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा 465 ग्राम, कीमत लगभग 5000 रुपए और नगद 360 रुपए बरामद किया।

## भूमि दलालों का प्रभाव में तहसील कार्यालय पिथौरा

**पिथौरा/नवप्रदेश।** स्थानीय तहसील कार्यालय में अवैध रूप से निजी कर्मी से कार्य कराने के गंभीर मामलें में वकीलों ने कमिश्नर,कलेक्टर व एसडीएम से शिकायत किया है । जानकारी के अनुसार,एक युवती नियमित रूप से तहसीलदार के बगल में बैठकर राजस्व से संबंधित कार्य करती देखी जा सकती है। बताया जा रहा है कि तहसीलदार के सह पर भू-माफ़िआओं ने अपने हित साधने के लिए इस युवती को कार्यालय में बैठाया है।

युवती का प्रभाव इतना है कि

लोग उन्हें शासकीय कर्मचारी समझकर ÷मैडम नमस्ते÷ कहते हुए अपने काम कराने का अनुरोध भी करते हैं। जबकि वह न तो शासकीय कर्मचारी है और न ही संविदा कर्मी। शासन के नियमों के अनुसार उसका कार्यालय में कार्यरत रहना पूरी तरह अवैध है।

इसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत निजी कर्मी से लिए जा रहे कार्य पर घोर आपत्ति करते हुए उसे तत्काल हटाने की मांग की है। बताया जाता है कि वह तहसीलदार से जुड़े राजस्व न्यायालय के अधिकतर कामकाज, जैसे ऑर्डर शीट का संचालन, स्वयं करती है, जो नियमों के स्पष्ट उल्लंघन के अंतर्गत आता है।

## मुर्गी फार्म के आसपास मंडरा रहा खूंखार तेंदुआ, दहशत का माहौल

**छुरा/नवप्रदेश।** नांगझर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार की रात को जंगल से निकलकर तेंदुआ सीधे नांगझर-सोरीद के बीच स्थित पोल्ट्री फार्म में घुस आया और 160 मुर्गियों का शिकार कर डाला। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार दो रात से तेंदुआ फार्म के आसपास घूमते देखा जा रहा है, यहां तक कि सोमवार रात को भी उसके पदचिन्ह पोल्ट्री फार्म के नजदीक पाए गए।

ग्रामीणों की नींद हराम हो चुकी है। उनका साफकहना है कि जब तक तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित रूप से जंगल के किसी अन्य हिस्से में नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक लोग भयमुक्त होकर

रह नहीं पाएंगे। लोगों ने वन विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने वन परिक्षेत्र अधिकारी फिंगेश्वर बद्रीनाथ ध्रुवा से चर्चा की, तो उन्होंने स्वीकार किया कि क्षेत्र में तेंदुआ की सक्रियता की जानकारी मिल चुकी है। उन्होंने कहा ङ्क ÷जैसे ही सूचना मिली, विभाग ने गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है। लोगों को जंगल की ओर न जाने की समझाइश दी जा रही है। विभाग की पूरी टीम तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रही है और सुरक्षा के सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल, ग्रामीणों का कहना है कि केवल गश्त से स्थिति नहीं संभलेगी। तेंदुए को पकड़कर पिंजरे में कैद करने की ठोस कार्यवाही ही इस दहशत को खत्म कर सकती है। ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी हल निकाले, वरना तेंदुए का आतंक और बढ़ सकता है। ग्रामीणों का आक्रोशः हम रातभर जागते हैं, बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देते। हर पल डर लगा रहता है कि कहीं तेंदुआ हमला न कर दे। अब बस कार्रवाई होनी चाहिए, वरना बड़ा हादसा हो सकता है।

**आंदोलन** | आज रायपुर राजधानी में जेल भरो आंदोलन के लिए करेंगे कूच, एन एच एम संविदा कर्मचारियों के आंदोलन का 31 वां दिन

# क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू से एन एच एम संविदा कर्मचारियों मुलाक़ात कर उनके दीर्घायु की कामना की

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गरियाबंद आये क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू से अनिश्चित कालीन आंदोलन कर रहे एन एच एम के संविदा कर्मचारियों ने मुलाक़ात कर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन की बधाई देकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की. विधायक से मुलाक़ात के दौरान जिला भाजपा के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा भी उपस्थित रहे इसके साथ ही प्रशासन के द्वारा संविदा कर्मचारियों को अनैतिक रूप से बर्खास्तगी की कार्यवाही से अवगत कराकर 10 बिंदुओं के मांगों को जल्द पूरा कराने और बर्खास्त कर्मचारियों की शीघ्र बहाली की मांग रखी. जिस पर विधायक महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के समक्ष

बात पहले भी रखी थी इसकी जानकारी वहां उपस्थित कर्मचारियों को बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी से कल पुनः मिलकर शीघ्र मांग पूरा करने बात रखूंगा और आपकी मांग के आधार पर जो आदेश में त्रुटियों को अवगत कराने पर जोर दिया. गरियाबंद इकाई के जिलाध्यक्ष अमृत राव भोंसले, उपाध्यक्ष दीपेश टांडी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनीश अख्तर ने बताया कि सरकार के रवैये से नाराज हड़ताली ह॥रूसंविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जेल भरो अभियान के लिए आज रायपुर राजधानी की ओर कूच करेंगे कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि भूपेश साहू के नेतृत्व में टिकेश बांसकर, यूनिकेश सिन्हा, भारत ठाकुर, टिकेश साहू, पोखराज साहू, भूषण साहू, गजेश्वर साहू उपस्थित रहे.

### बच्चों के साथ मनाया गया जन्मदिन

**उतई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के जन्मदिन एवं नगर पंचायत उतई के पूर्व पार्षद संजय गिरी गोस्वामी जी के जन्मदिन पर एनएस यू आई के प्रदेश सचिव शिवांग साहू नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका प्रसाद साहू पूर्व पार्षद तोषण साहू टिल्लू साहू तिलक राम साहू किशोर साहू के द्वारा नगर पंचायत उतई के प्राथमिक शाला

स्कूल के सभी बच्चों को पेन कॉपी चॉकलेट एवं फल देकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर स्कूल के लालाराम साहू जी प्रधान पाठक आयुष मजूमदार जी श्रीमती हेमलता देशमुख मीना वर्मा मैडम एवं स्कूल के पियुन बुधारू राम साहू मौके पर उपस्थित थे सभी ने संजय गिरी गोस्वामी एवं नीरज पांडे जी को जन्मदिन की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## परसापाली में बुजुर्गों का सम्मान

**पिथौरा/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर विकासखंड पिथौरा के ग्राम परसापाली में सेवा एवं संस्कार से जुड़ा

विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के बुजुर्गों का विधिवत पैर धोकर उनका आशीर्वाद लिया गया तथा उन्हें श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर किया गया है। उन्होंने सदैव सेवा, सम्मान और संस्कार की भावना को समाज में बढ़ावा दिया है। बुजुर्गों का सम्मान नई पीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का माध्यम है। इस अवसर पर शंकर लाल ध्रुव, रूप सिंह ध्रुव, झाड़ूराम सिन्हा, भैयाराम ध्रुव, सेवक राम ध्रुव, मनसा राम ध्रुव, कंवल सिंह ध्रुव एवं उपसरपंच सोनुराम ध्रुव का पैर धोकर, श्रीफल और शाल भेंट कर विशेष रूप से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला आयोजक मनमोहन जैन, रमेश पटेल एवं किशोर पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएँ कीं।

## न्यूज गैलरी

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**बेमेतरा / नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत आज जिला चिकित्सालय बेमेतरा में भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और रक्तदान शिविर में सहभागिता की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। यह वह पुण्य कार्य है जो सीधे किसी की जिंदगी बचाने का माध्यम बनता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा सेवा को सर्वोपरि मानकर देश को नई दिशा दी है। सेवा पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जिम्मेदारी की भावना का संचार करते हैं। आज हमारे युवा जिस उत्साह से रक्तदान कर रहे हैं, वह न केवल प्रेरणादायी है बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक आदर्श है। मैं सभी रक्तदाताओं और आयोजकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर समाजहित में योगदान दिया। इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा महामंत्री नरेंद्र वर्मा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा शहर मण्डल अध्यक्ष युगल देवांगन पार्षद नीतू कोठारी पार्षद निखिल साहू निशा चौबे पर भाजपा पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

### शहरी अंतर्गत नये आवास में सम्मान के साथ सभी हितग्राही करेंगे गृह प्रवेश : विसअध्यक्ष

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत आयोजित अंगीकार 2025 एवं आवास मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 7956 आवासों की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें से 7730 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण आवास की राशि हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। नये आवास में सम्मान के साथ आज सभी हितग्राही गृह प्रवेश करने जा रहे है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को नये आवास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया एवं गृह प्रवेश कराया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### 28 को सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग की होगी प्रस्तुति

**खैरागढ़।** शहर मे नवरात्रि के दौरान होने वाले नगर दशहरा उत्सव की शुरूआत 24 सितंबर को तीन दिवसीय रास गरबा के साथ होगी । नगरपालिका दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव मे नगरपालिका द्वारा 22 सितंबर को बांके बिहारी मंदिर परिसर मे मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना होगी । दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की अगुवाई मे नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार भी नवरात्रि पर जोरदार तैयारियां की गई है । दशहरा उत्सव के तहत फत्तेह मैदान मे हर साल आयोजित होने वाले रासगरबा मे पूरा शहर झूमेगा । पालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने बताया कि 24 सितंबर को रास गरबा का शुभारंभ होगा जो 26 सितंबर तक तीन दिन आयोजित होगा । रासगरबा मे प्राथमिक, माध्यमिक, हाई हायर सेकेंडरी, महाविद्यालयीन छात्रछात्राओं के साथ साथ हर वर्ग के गरबा प्रेमी भी हिस्सा ले सकेंगें । गरबा के समापन के बाद 28 सिंतबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत फत्तेह मैदान मे ही दीपक चंद्राकर कृत सांस्कृतिक लोकमंच लोकरंग की रंगारंग प्रस्तुति होगी । रात भर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम मे भी बड़ी संख्या मे लोककला प्रेमी उमड़ेगें **रावण भाठा मे होगा रावण दहन** – दशहरा उत्सव समिति द्वारा नगर दशहरा पर्व का समापन 2 अक्टूबर को ईतवारीबाजार के रावणभाठा मे विशालकाल रावण का दहन होगा ।

### गुरु तेग़ बहादुर की 350वीं शहादत शताब्दी यात्रा में दिव्य अस्त्रों की भव्य आरती

**कवर्धा।** सिखों के नवमे गुरु, गुरु तेग़ बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर असम से प्रारंभ हुई ऐतिहासिक यात्रा का आज कवर्धा में भव्य स्वागत किया गया। यह पावन यात्रा पूरे भारत के अनेक राज्यों से होकर अंततः अनंतपुर साहिब में संपन्न होगी। यात्रा की झांकी में हिन्द के चादर कहे जाने वाले गुरु तेग़ बहादुर जी के दिव्य शस्त्र, गुरु अर्जन देव जी एवं गुरु गोविंद सिंह जी के दिव्य शस्त्र विशेष दर्शन हेतु रखे गए थे। पंच प्यारे की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी भी पावन स्वरूप में विराजित रहे, जिनका श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर वंदन किया। कवर्धा पहुँचने पर स्थानीय सिग्नल चौक पर दिव्य अस्त्रों की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी एवं दिव्य अस्त्रों का विधिवत आरती कर स्वागत किया गया।

# आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में आज से आदि सेवा पर्व की हुई शुरूआत

- कलेक्टर पहुंची ग्राम परसदा, ग्रामीणों के बीच बैठकर गांव के विकास पर की चर्चा
- जिले के विभिन्न ग्रामों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा आदि सेवा पर्व

**बालोद / नवप्रदेश।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में आज से आदि सेवा पर्व की शुरूआत की गई है। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विभिन्न ग्रामों में आयोजित किए जा रहे आदि सेवा पर्व के प्रथम दिन आज कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा बालोद विकासखण्ड के ग्राम परसदा पहुँची। उन्होंने वहाँ ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे गॉव के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इससे पूर्व ग्रामीणों ने कलेक्टर के गांव में आगमन पर उन्हें तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। जिसके पश्चात गांव के कलामंच में बैठकर गांव के विकास के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी मौजूद थे।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनसे गांव के विकास हेतु सुझाव लिए तथा उनकी मांगो एवं समस्याओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। ग्रामीणों ने आवास निर्माण, सड़क निर्माण, सीसी सड़क, पेयजल सहित विभिन्न विषयों पर अपनी मांग व समस्या के साथ ही सुझाव दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को धान के फसल के बदले अन्य फसल लेने प्रोत्साहित किया, जिसमें सिंचाई हेतु पानी का उपयोग कम हो। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बदलाव से ही गांव में बेहतर बदलाव नजर आएगा।

कलेक्टर ने वहाँ उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ग्रामीणों की मांगो, समस्याओं एवं सुझाव को लिखित रूप में दर्ज करने को कहा, जिसे 02 अक्टूबर को होने वाले विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन किया जा सके। इसी प्रकार जिले के आदिवासी बहुल अनेक गांवों में भी आदि सेवा पर्व का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत आज डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम गुदूम, धोबनी अ, दानीटोला, मथेना, पथराटोला, लिमउडीह, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खैरबना, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खपराभाट, पिपरखार, कुआंगांव, फुलसुंदरी, महाराजपुर आदि अनेक ग्रामों में आज आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनजातीय परिवार के लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# एनएचएम संविदा कर्मियों की माह भर से जारी हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

- जिले के 14 आयुष्मान स्वास्थ्य केन्द्रों मे लटक रहा ताला, अल्टीमेटम के बाद भी काम पर नही लौटे
- धरना स्थल मे मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**खैरागढ़ / नवप्रदेश।।** नियमितीकरण सहित दस सुत्रीय मांगो को लेकर माह भर से अनिश्चितकालीन हड़ताल मे डटे एनएचएम संविदा कर्मियों की हड़ताल के चलते जिले के 14 आयुष्मान आरोज्य केन्द्र पूरी तरह बंद पड़े है । इसके चलते जिले के ग्रामीण इलाको मे स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है । इधर सरकार के अल्टीमेटम के बाद भी 16 सितंबर तक काम पर वापस लौटने के निर्देश जिले मे बेअसर साबित हूआ । जिले के खैरागढ़ और छुईखदान ब्लाक मे कार्यरत 115 एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियों मे से कोई भी काम पर वापस लौटने तैयार नही हूआ । जिला मुख्यालय के अंबेडकर चौक पर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल मे संविदा कर्मियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते कहा कि सरकार संवेदनशीलता दिखाने की बजाय तानाशाही रवैया अपना कर दबाव बनाने मे जूटी है जिसका कोई असर हड़ताली संविदा कर्मियों पर नही होगा । अब आरपार की लड़ाई होगी ।

जिले के 14 स्वास्थ्य केन्द्रों मे माह भर से ताले

एनएचएम संविदा कर्मियों के भरोसे चल रही जिले की 14 आयुष्मान आरोज्य केन्द्र माह भर से अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते बंद पड़े है । संविदा कर्मियों ने दावा किया कि जिले के बरबसपूर, करेलागढ़, गोपालपूर, लक्षणा, च्वालगोंदी, सहित 14 आयुष्मान केन्द्रों मे इलाज सुविधा बंद पड़ी है । जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रो के मरीजो को प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक जाना पड़ रहा है । संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि घोषणा पत्र मे किए गए वादे को पूरा करने से मुकर चुकी सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा चरमराने की दोषी है । कर्मियों ने कहा कि जिले के मलेरिया जन्य क्षेत्रो मे भी मलेरिया रोधी कार्यक्रम पूरी तरह से ठप्प है । टीकाकरण, जांच सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बाधित है ।

अल्टीमेटम के बाद भी नही लौटे

सरकार ने हड़ताली एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को अल्टीमेटम जारी करते 16 सितंबर तक अपने काम पर वापस लौटने के निर्देश जारी किए थे । जिले मे हड़ताल मे डटे सभी 115 संविदा कर्मियों पर इसका कोई असर नही हूआ । छूईखदान और खैरागढ़ ब्लाक बीएमओ ने सीएमएचओं को पत्र लिखकर इसकी विधिवत जानकारी देते बताया कि दोनो ब्लाक मे कोई भी संविदा स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्य पर नही लौटा है ।

#### मोदी का जन्म दिन मनाया

अंबेडकर चौक पर हड़ताल मे डटे एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर उनका जन्मदिन मनाते धरना स्थल पर ही केक काटा और प्रदेश सरकार को दिशा निर्देश दिए जाने की मांग करते कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे ही प्रदेश मे विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार के घोषणापत्र मे एनएचएम संविदाकर्मियों को नियमितीकरण सहित अन्य सुविधाए दिए जाने की घोषणा शामिल की गई थी । जिसे प्रदेश सरकार भूल गई है ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के 76 हितग्राहियों का हुआ गृह प्रवेश

### प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करना हम सबका संकल्प-चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

**कवर्धा।** नगर पालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 76 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल व उपस्थित पार्षदों ने आज 76 हितग्राहियों को चाबी व आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान कर नवीन आवास के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

अध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा कि पीएम मोदी 17 सितंबर को 75 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया एवं 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की गई है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सपनों को साकार करने के लिए हर घर को छत देना हम सबका संकल्प होना चाहिए। उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक अंतर्गत 76 लाभार्थी परिवारों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। सभी हितग्राही को मिलने वाली राशि पूर्ण रूप से प्रदान किया जा चुका है इस अवसर पर सभी परिवारों को चाबी के साथ पूर्णता प्रमाण पत्र भी दिया गया। उन्होनें सभी परिवारों को नवीन आवास के लिए बधाई व शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीघार्यु होने की कामना की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने कहा कि अब गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ मिलने से वे अब किराए के घर या झोपड़ी में नहीं रहेंगे। पीएम आवास में अब बिना किसी परेशानी के पूरी सुविधा के बीच रहते हुए जीवन यापन कर सकेंगे।

# सखी वन स्टॉप सेंटर माता और बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल : डॉ. रमन सिंह

- विधानसभा अध्यक्ष ने 60 लाख की लागत के सखी वन स्टॉप सेंटर के भवन के लिए भूमिपूजन किया
- सखी वन स्टॉप सेंटर भवन बनने से पीड़ित महिलाओं को मिलेगा एक आश्रय स्थल

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज बल्देवबाग राजनांदगांव में 60 लाख की लागत से सखी वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पोषण माह के अंतर्गत सुपोषण 2025 रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. रमन ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा जयंती और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 60 लाख रूपए की लागत के सखी वन स्टॉप सेंटर भवन के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। जिसमें पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता और परामर्श दिया जाता है। इसके साथ ही महिला को प्रताड़ित कर घर से निकाल देने पर आपातकाल में कुछ दिनों तक रह सकती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सखी वन स्टॉप सेंटर वर्ष 2017 से संचालित है। सखी वन स्टॉप सेंटर भवन बनने से पीड़ित महिलाओं के एक आश्रय स्थल मिलेगा। सखी वन स्टॉप सेंटर माता और बहनों के सम्मान और उनके सम्मान की रक्षा के लिए है। सखी वन स्टॉप सेंटर का अच्छा भवन बनकर तैयार हो जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए यह एक महत्वपूर्ण केन्द्र होगा।

अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव ने कहा कि पीड़ित महिलाओं के लिए बहुत अच्छा सखी वन स्टॉप सेंटर भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए कारगर और मील का पत्थर साबित होगी। पीड़ित महिलाओं को अच्छी सेवाएं मिलेगी।

# सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**कुरुद/नवप्रदेश।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल कुरुद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ विधायक अजय चन्द्राकर ने भगवान धंवन्तरि की पूजा अर्चना के साथ किया। इस मौके पर उन्होंने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दिर्घायु जीवन एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने श्रृजन के देवता विश्वकर्मा जयंती की सभी को बधाई दी।

बुधवार को सिविल हॉस्पिटल में आयोजित एक दिवसीय विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अजय चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया कि मोदी जी ने देश के मुखिया के तौर पर जो काम किया है उसे देश याद रखेगा, लेकिन उन्होंने प्राचीन भारतीय योग, ध्यान जैसी विधाओं का वैश्विक पटल पर स्थापित कर हमें औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होकर अपनी सभ्यता और परम्परा पर गर्व करना सिखाया है। इस मौके पर विधायक श्री चन्द्राकर ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र हासिल उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेंडर एक्वल्टी के बिना नारी सशक्तिकरण की बात बेमानी है। हमें इस दिशा में काम करना होगा। क्योंकि देश और समाज के लिए अर्पित जीवन ही सर्वेश्रेष्ठ माना गया है?। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने सेवा पखवाड़ा एवं महिला सशक्तिकरण की बात कही। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार एवं सौ बिस्तर अस्पताल के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले ऐसी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। इसके लिए डाक्टरों एवं चिकित्सा कर्मियों को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने की जरूरत है।

## शेष खबरो के लिए

### वही वस्तु खरीदें जिसमें देशवासी का पसीना हो,स्वदेशी का बोर्ड लगाएं

छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफ तौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

### पीएम के जन्मदिन पर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ

को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव स्वच्छता की बात करते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके आजीविका मूलक कार्यो और गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, सीएसपीडीसीएल, क्रेडा की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कचरा संग्रहण एवं उसके प्रबंधन की प्रक्रिया संबंधी मॉडल तथा स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टालों का भी अवलोकन किया। सीएम साय ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए ट्वीट कर लिखा कि ÷भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कुशल संगठन शिल्पी, अद्भुत प्रशासक और वैश्विक नेता हैं। मां भारती के वैभव को पुनः स्थापित कर भारत की छवि को विश्व शिखर तक पहुंचाने के लिए हम सदैव उनके आभारी हैं। छत्तीसगढ़ में विश्वास और विकास का जो वातावरण बना है, वह मोदी जी की गारंटी का परिणाम है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के उनके संकल्प के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु प्रयासरत रहना ही उनके जन्मदिन पर हमारा सच्चा उपहार होगा। छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

### अब ईवीएम में दिखेगी प्रत्याशी की रंगीन फोटो

छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफ तौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

### सीएस अमिताभ जैन बनेंगे बिजली विनियामक आयोग के चेयरमैन!

जाने की खबरें आ रही हैं। यह पद दो दिन बाद खाली हो रहा है। इसके पहले अमिताभ जैन को मुख्य सूचना आयुक्त बनाए जाने की बात कही जा रही थी। इसके पहले उन्होंने मुख्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू दिया था। ऐसे में माना जा रहा था कि वे मुख्य सूचना आयुक्त बनेंगे। लेकिन जानकार बताते हैं कि इस नियुक्ति में हाईकोर्ट का पेंच फंसा हुआ है। इस वजह से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस पर कोई पहल भी नहीं की जा रही। वैसे भी बिजली विनियामक आयोग के चेयरमैन का पद मुख्य सूचना आयुक्त के पद की तुलना में अधिक बेहतर और सम्मानजनक है। बिजली की रेगुलेटरी बॉडी होने की वजह से इस पद का ग्लेमर भी रहता है। 28 में से करीब डेढ़ दर्जन राज्यों में रिटायर नौकरशाह बिजली विनियामक आयोग के चेयरमैन हैं।

### हेमंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

अवधि खत्म हो रही है। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें बिजली विनियामक आयोग का चेयरमैन बनाए जाने की खबरें आ रही हैं। 2021 में बिजली विनियामक आयोग के चेयरमैन बनाए गए हेमंत वर्मा एक साल पहले पद छोड़कर त्रिपुरा जा रहे हैं. जुलाई 2026 में उनका पांच साल होता, मगर हेमंत का त्रिपुरा बिजली विनियामक आयोग में सलेक्शन हो गया है. वे 19 सितंबर को यहां से रिलीव हो जाएंगे. इसके बाद यह पद खाली हो जाएगा. बिजली विनियामक आयोग का अध्यक्ष पद एक संवैधानिक पद है, जिसे सरकार बदलने के बाद भी हटाया नहीं जा सकता। हाईकोर्ट के रिटायर जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कमेटी इसका चयन करती है। नियुक्ति के बाद चेयरमैन का कार्यकाल पांच साल या 65 बरस तक होता है।

### 5 महिला समेत 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर

जाने की खबर है। इससे पहले पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत कम से कम चार नक्सली मारे गए थे। पुलिस के एक बयान में कहा गया था कि यह घटना गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा के पास हुई। पुलिस को 25 अगस्त को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि गट्टा दलम कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरौली डिवीजन के अन्य माओवादी संगठन कोपरशी वन क्षेत्र में मौजूद हैं। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी की थी।

## न्यूज गैलरी

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान : आज दुर्ग आएंगे पायलट, भूपेश

**दुर्ग।** कांग्रेस के देशव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत दुर्ग में 18 सितंबर को बाइक रैली निकाली जाएगी। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित प्रदेश के दिग्गज कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा पटेल चौक पर पायलट समेत प्रमुख नेताओं का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा।

### राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ

**अंजोरा।** सेक्टर रसमड़ा ग्राम खपरी सिलोदा में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएम मोदी के वर्चुअल संबोधन का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गर्भवती, शिशुवती और बच्चों की माताओं ने भाग लिया और पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है, जिससे परिवार और समाज को मजबूती मिल सके।

### पालिका सहित नगर के विभिन्न संस्थानों ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

**कुम्हारी।** नगरपालिका परिषद सहित नगर के विभिन्न संस्थानों में लोगों ने पूरे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा से विश्वकर्मा जयंती मनाई। नगर पालिका में कर्मचारियों द्वारा विभागों के वाहन एवं उपकरणों की पूजा अर्चना की गई। पूजा पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पालिका के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जीई रोड स्थित एसके इंजीनियरिंग में भी विधि विधान से विश्वकर्मा भगवान की स्थापना कर पूजा अर्चना एवं आरती की गई। पूजा में कंपनी के मैनेजर बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ इंजीनियर डीके अग्रवाल, विद्या शंकर पांडे, प्लांट इंचार्ज सुरेश पाण्डेय मौजूद थे।

---

**सेवाकार्यों को धरातल पर उतारकर लोगों को प्रेरित करना ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य : गजेंद्र**

# पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान और विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

- **जन मानस ने स्वच्छता को जीवन में समाहित किया : बघेल**
- **सेवा पखवाड़ा का भाव मानव सेवा माधव सेवा : सरोज**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन देश भर में आयोजित किया जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आज सुबह दुर्ग बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाते हुए जनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया।

जिला अस्पताल दुर्ग और जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, कार्यक्रम के जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, शिव चंद्राकर, अजय तिवारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हर साल सेवा पखवाड़ा मनाती है। सेवा पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य सेवा के कार्य को धरातल में लाकर आम जनमानस को सेवा के लिए प्रेरित करना है। स्वच्छता के साथ-साथ मानव सेवा के कार्यों को भी प्रेरित करना है

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि आज सुबह सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता से की गई।

रक्तदान शिविर में युवाओं और आम जनमानस ने रक्तदान किया। मानव सेवा ही माधव सेवा है। इसी उद्देश्य के साथ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिश्रम और राष्ट्रभक्ति से देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सभी नागरिक स्वच्छता को अपने दिनचर्या में अपनाएं।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आयोजन का मुख्य भाव समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य किये जा रहे हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने लाखों लोगों को आवास, शौचालय, फ्री राशन जैसी सुविधाएं दी है।

**जिला चिकित्सालय सहित 17 मंडलों में रक्तदान शिविर**

इस मौके पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय व जिला चिकित्सालय सहित 17 मंडलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सफाई अभियान और रक्तदान शिविर में जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, केएस चौहान, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, विनोद अरोरा, नीलेश अग्रवाल, अनूप सोनी, देवनारायण चंद्राकर, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, विनय महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष बंटी चौहान, कौशल साहू, कमलेश फेकर, मनमोहन शर्मा, महेंद्र लोढ़ा, डॉ आदर्श त्रिवेदी, दिव्या कलिहारी साजन जोसफ, गायत्री वर्मा, शैलेंद्र शैंडे, सैयद आसिफ अली, नितेश साहू शुभम शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर निदेशक प्रभारी ने कर्मियों को विश्वकर्मा पूजा की दी बधाई

**भिलाई/नवप्रदेश।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने आज 17 सितम्बर को भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए। उनके साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशकगण एस मुखोपाध्याय, ए के चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, राकेश कुमार, डॉ रविन्द्रनाथ एम, अरुण कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने निदेशक प्रभारी सचिवालय, सी एंड आईटी विभाग में विश्वकर्मा पूजा में भाग लेकर एचआरडी, परियोजना, एसईडी, सामग्री प्रबंधन, एमआरडी, प्लेट मिल, एसएमएस-2, आरईडी

व एलडीसीपी, इलेक्ट्रिकल, ओएचपीए और सिंटर प्लांट-3 विभागों में जाकर पूजा-अर्चना की व सयंत्र बिरादरी को बधाई दी। कार्यपालक निदेशकों व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ महापात्र ने कोक ओवन विभाग, उपयोगिताएं, ब्लास्ट फर्नेस, पीएनबीएस, पर्यावरण प्रबंधन, आईएंडए, एसएमएस-3, आरसीएल, सीईडी, सर्विसेस, यूआरएम, आरएसएम, एमडब्ल्यूआरएम, बीआरएम और फायर ब्रिगेड विभागों के विश्वकर्मा पूजा में उपस्थित होकर भगवान विश्वकर्मा से संयंत्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रचालन प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई देते हुए संयंत्र की सतत प्रगति, उत्पादन में उत्कृष्टता और सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। निदेशक प्रभारी ने संयंत्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों के समर्पण और मेहनत की सराहना की। उन्होंने सभी कर्मचारियों को विश्वकर्मा जयंती की बधाई देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करें तथा कार्य क्षेत्र में बेहतर वातावरण बनाएं। नगर सेवाएँ, सामग्री प्रबंधन आदि संयंत्र के नॉन-वर्क्स क्षेत्र के कार्यालयों व जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में कर्मचारियों ने पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से संयंत्र की प्रगति, सुरक्षा समृद्धि की प्रार्थना की।

**हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती**

हथखोज स्थित हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी में बुधवार को श्रष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कंपनी परिसर में हवन और पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू भाई) ने परंपरागत विधि से पूजा अर्चना की और कर्मचारियों के साथ प्रसाद वितरण किया। आयोजन के दौरान कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि और कार्यक्षेत्र में प्रगति की कामना की। धार्मिक और उत्साहपूर्ण माहौल में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।

---

# जिला अस्पताल में इंजेक्शन लगने के बाद युवक की मौत

- **परिजनों ने किया हंगामा, विरोध में अस्पताल स्टाफ ने बंद किया काम**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिला अस्पताल में इंजेक्शन देने के कुछ देर बाद एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा कर दिया। परिजनों ने अस्पताल के स्टाफके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल में पुलिस बल तैनात किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने केस की जांच के लिए 3 डॉक्टरों की टीम बनाई है।

सिद्धार्थ नगर निवासी प्रभाष सूर्या (23 साल) ने मंगलवार को दोपहर के समय चूहा मारने की दवाई खा लिया था। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। परिजनों का कहना है कि परिजनों का कहना है कि युवक की 3 दिन पहले ही शादी हुई थी। रात तक उसकी हालत स्थिर थी। आज 17 सितंबर को सुबह इंजेक्शन देने के बाद उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन आशीषन मिंज का कहना है कि मरीज ने चूहा मारने की दवाई खाई थी। ट्रीटमेंट के प्रोटोकॉल के हिसाब से डॉक्टर जो दवा लिखते है, नर्स उसी इंजेक्शन को लगाती है।

जांच में पता चला है कि गैस ना बनने देने के लिये मरीज को इंजेक्शन को दिया गया। इससे पेट दर्द होता है। मरीज को ऐसा कोई इंजेक्शन नहीं लगाया है जिससे मौत हो। इस मामले की जांच के लिए 3 डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी भी होगी। सही तथ्य सामने आ जाएंगे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने कहा कि परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ से दुर्व्यवहार किया है। एफआईआर दर्ज कराने कहा गया है।

---

# निगम कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

- **महापौर अलका व आयुक्त सुमित ने किया पूजन**

**दुर्ग/नवप्रदेश।** नगर निगम दुर्ग में आज हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। निगम के कर्मशाला भवन, वाहन शाखा, एमएलडी फिल्टर प्लांट और जलकार्य विभाग स्थित विद्युत विभाग में पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार आयुक्त सुमित अग्रवाल और सभापति श्याम शर्मा ने पूजा अचना करते हुए शहरवासियों की सुख-समृद्धि और नगर के निरंतर

विकास की कामना की। निगम कर्मचारियों ने वाहन शाखा में सभी वाहनों की विशेष पूजा-अर्चना की। वाहन शाखा प्रभारी व एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। प्रसाद वितरण किया गया। महापौर अलका बाघमार व सभापति श्याम शर्मा ने निगम कर्मचारियों व नगरवासियों को 'विश्वकर्मा जयंती' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नव-निर्माण और नव-सृजन में जुटे सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन किया जाना चाहिए।

विश्वकर्मा भगवान की कृपा से नगर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। इस दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, कुलेश्वर साहू, साजन जोसेफ, ललित ढीमर, सुरुचि उमरे, कमल देवांगन, ललिता ठाकुर, रंजीता पाटिल, अरुण सिंह, लोकेश्वरी ठाकुर, सावित्री दमाहे, मनोज सोनी, कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद के अलावा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीएम के जन्मदिन पर बांटी साड़ियां

**कुम्हारी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के पर जगह जगह सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता का आयोजन किया गया। इसी उपलक्ष्य में कुम्हारी भाजपा वरिष्ठ नेता रामाधार शर्मा के नेतृत्व में वार्ड 15 के रूपनगर में उत्कल समाज एवं विश्वकर्मा समाज सहित अन्य विभिन्न समाज की महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला एवं कैलाश डोडवानी सहित व्यापारी संघ के लोग उपस्थित रहे।

# पत्र लेखन स्पर्धा में ललिता पांडे प्रथम

**भिलाई/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुद्देशीय संस्था द्वारा रुआंबांधा में युवाओं के लिए पत्र लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए प्रयुक्त अपमानजनक शब्दों, गालियों की प्रयोग की प्रवृत्ति के प्रति रोष जताने व शासन से कड़ी कार्यवाही करने विषयक पत्रों के लेखन की स्पर्धा में 41 युवाओं ने सहभागिता दी। स्पर्धा में केंप-1 की ललिता पांडे ने प्रथम दुर्ग की अधिवक्ता राखी गुप्ता ने द्वितीय और रिसाली की सुधा गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रूआबांधा बस्ती के बुद्देश्वर बंजारे व कैंप-1 के सोनम को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। मुख्य अतिथि पूजा चंद्राकर ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। शिक्षाविद डा. डी एन शर्मा व सामाजिक कार्यकर्ता मिथिला खिचारिया ने प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया। संस्था की अध्यक्ष शानू मोहनन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। निर्णायक मिथिला खिचरिया ने प्रतिभागियों द्वारा पत्रों के माध्यम से व्यक्त भावनाओं की प्रशंसा की। शिक्षाविद् डा शर्मा ने युवाओं को हर रोज कुछ पढने व एक-दो पृष्ठ लेखन का नियमित अभ्यास करने कहा। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में बोलचाल की भाषा में स्त्री सूचक गालियों का प्रयोग उपयोगकर्ता की रुग्ण मानसिकता का परिचायक है। इस अवसर पर डॉ खिचरिया, सागरिका पाणीग्रही, सुरजीत मेहता, उपासना साहू, प्रेम साहू, विवेक प्रकाश शर्मा, सुधा गुप्ता, स्वाति जोशी सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

# सांसद बघेल ने किया छात्राओं को साइकिल का वितरण

**भिलाई/नवप्रदेश।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प-1 में नवमी कक्षा की 30 छात्राओं को मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत साइकिलें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने छात्राओं को साइकिल की चाबियां सौंपते हुए कहा कि साइकिल मिलने से बच्चियों का समय बचेगा और वे पढ़ाई में और बेहतर प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हेमंत उपाध्याय ने स्कूल की प्रगति व समस्याओं की जानकारी दी और निर्माण प्रयोगशाला के लिए अतिरिक्त भवन की मांग रखी।

सांसद बघेल ने कहा कि वे घोषणाओं में नहीं, कार्य में विश्वास रखते हैं। स्कूल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में पार्षद सत्या देवी जायसवाल, भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, जालंधर सिंह, कैंप मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, रमेश चौधरी, धर्मेंद्र पाण्डेय, नवीन सिंह, भागचंद जैन, राजकुमार जायसवाल, प्रकाश सांवत, स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आवास दिवस : भिलाई के हितग्राहियों को सौंपी गई पीएम आवास की चाबी

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई में आवास दिवस का आयोजन भीमराव अम्बेडकर मांगलिक भवन बैकुण्ठधाम में किया गया। मुख्यमंत्री ने आवासों के हितग्राहियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कराया। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य सीजू एन्थोनी, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद सत्यादेवी जायसवाल, गिरिजा बंछोर, अपर

आयुक्त राजेन्द्र दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास घटक अंतर्गत मोर जमीन-मोर मकान के 125 हितग्राहियों को बिल्डिंग परमिशन दिया गया। मोर मकान-मोर आस व मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के 38 हितग्राहियों को मकान का कब्जा पत्र, मकान की चाबी और गृह प्रवेश प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 12 हितग्राहियों को स्वतंत्र फाइनेंस बैंक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऋण उपलब्ध कराकर मकान की शेष राशि निगम कोष में जमा कराई गई। शहर की हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम 200 नग पौधे का वितरण किया गया। वूमेन फार ट्री योजनांतर्गत 4 महिला स्व-सहायता समूहों को साड़ी, एप्रन, जूता व गार्डन किट प्रदान किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के लिए स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक रिकेश सेन द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई के साथ आवास योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों को बधाई दी गई है। महापौर नीरज पाल ने इंदौर स्वच्छता मॉडल को अपनाने के संबंध में शहरवासियों से अपील की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सूर्य घर योजना, शहर की स्वच्छता और वूमेन फॉर ट्री योजना के संबंध में जानकारी दी। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए पीएम आवास योजना को महत्वपूर्ण योजना बताया। कार्यक्रम स्थल में सूर्य घर योजना से नागरिकों को मुफ्त बिजली बिल की जानकारी दी गई।

---

**पीएम मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुरू की सफाई की मुहिम**

# मरोदा-पुरैना में स्वच्छता अभियान में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

**रिसाली/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत मरोदा पुरैना भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा मां कल्याणी शीतला मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाते हुए लोगों को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। नगर व आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये शपथ दिलाई गई। एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण

के लिये प्रेरित किया। नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राजू राकेश जघेल, शैलेंद्र साहू, पार्षद विधि यादव, मनीष यादव, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, सविता धवंस, रमा साहू, शीला नारखड़े, राजू राम, राजू लाल नेताम, गेंद लाल जंघेल, देवेन्द्र साहू, रानू धनकर, पूनमचंद सपहा, गौकर्ण मंडाले, पूनाराम कलिहारी, रंजन सिंह, मनोज साहू, भागवत बुंदेला, उपेंद्र रिगरी, संध्या वर्मा, संतोष कुशवाहा, धनुष यादव, डीएल भार्गव, बालमुकुंद साहू, सुरेंद्र रजक, सितारा देवी, माला सिंह, शेष जांगड़े, भूपेंद्र बेलचंदन, भूखन धनकर, श्वेता तिवारी, आरती पांडे, विद्या देवी, जीवन साहू, रोहित चंद्राकर, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

**विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना**

*ग्राम कुथरेल में आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए और भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए वास्तुकला, निर्माण और सृजन के अधिष्ठाता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद सभापति लोमस चंद्राकर, अध्यक्ष डीहार प्रताप विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष परमेश्वर विश्वकर्मा, सचिव टाकेन्द्र विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, देवनारायण विश्वकर्मा, विक्रम विश्वकर्मा, संदीप, ईश्वरी विश्वकर्मा, बल्लू विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।*

# कलेक्टर ने किया निर्वाचक नामावली मिलान कार्य का निरीक्षण

**दुर्ग/नवप्रदेश।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज विधानसभा दुर्ग शहर के अंतर्गत तिलक स्कूल के साथ अन्य स्कूल में चल रहे मतदाता सूची (निर्वाचक नामावली) के मिलान कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलान प्रक्रिया को सटीकता से संपन्न करने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची को वर्ष 2025 की अपडेट सूची से व्यवस्थित ढंग से मिलान करने निर्देश दिए। उन्होंने 2003 की सूची के ए और बी मतदाताओं का मिलान 2025 की सूची से करते समय 2025 की

सूची में संबंधित मतदाता के सरल क्रमांक के सामने 2003 की सूची का सरल क्रमांक भी अंकित करने कहा। इसी प्रकार 2003 की सूची में भी 2025 की सूची का सरल क्रमांक उल्लेखित करने कहा ताकि सूचियों के आपसी मिलान में सरलता हो। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गूगल शीट प्रपत्र के माध्यम से भी मिलान कार्य अधिक सुगम और सटीक रूप से किया जा सकेगा। कलेक्टर ने सभी बीएलओ समयबद्ध तरीके से और पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य संपन्न करें, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित और अपडेट रह सके। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंग, एईआरओ प्रफुल्ल गुप्ता, एईआरओ वैशाली नगर हुलेश्वर नाथ खुंटे व अजय राजपूत, एईआरओ यशा लहरे, प्रोग्रामर छाया साहू उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने लगाई आत्मानंद स्कूल में जागरूकता क्लास

❒ नाबालिग बच्चों को वाहन ना चलाने दी गई नसीहत

**बालोद/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बालोद श्री देवांश सिंह राठौर एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात बालोद द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नाबालिक वाहन चालक बच्चों के पालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता अभियान एवं बच्चों के सोशल मीडिया प्रयोग के दौरान साइबर ठगी से बचने के उपाय के संबंध में विस्तार से बताया गया। यातायात जागरूकता के साथ-साथ साइबर जागरूकता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आमापारा बालोद में जाकर स्कूली बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों से अवगत कराते हुए, यातायात नियमों एवं संकेतों के बारे में बताया गया। साथ ही स्कूली नाबालिग छात्र-छात्राओं को दोपहिया वाहन नहीं चलाने के समझाइश दिया गया। साथ ही बच्चों को बताया गया की नाबालिग बालक-बालिका वाहन चलाते पाएं जाते है तो उनके पालकों को 25,000-25,000रू. अर्थदण्ड एवं तीन वर्ष तक की सजा संबंधी मोटरयान अधिनियम के प्रावधान हैं।

यातायात पुलिस बालोद ने स्कूल प्रबंधको एवं पालको से अपील किया है कि नाबालिग छात्र-छात्राओं से सड़क दुर्घटनाएं न हो इसके लिए अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देवें। हमेशा यातायात नियमों का पालन करे, शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले। हमेशा यातायात नियमों का पालन करे। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाए।

**साइबर जागरूकता –डिजिटल युग में सुरक्षित रहने की सीख**

*साइबर अपराधों से बचाव हेतु विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल का लत एवं गलत उपयोग कैसे विद्यार्थी जीवन को प्रभावित करता है, सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड के खतरों के बारे में बताया गया। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं कौशल विकास हेतु नियंत्रित समय सीमा में करने सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, मजबूत पासवर्ड, और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स दिए गए।छात्रों को यह भी जानकारी दी गई कि साइबर अपराध होने की स्थिति में वे 1930 या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।*

## न्यूज गैलरी

### श्रेष्ठ नागरिक बनाने में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान

**महासमुंद/नवप्रदेश।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के द्वारा स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में एक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, विशिट अतिथि के रूप में श्रीमती अनसुईया अग्रवाल(स्वामी आत्मानंद शासकीय .महा, श्रीमती करूणा दुबे प्राचार्य (शा.महा.वल.सना.महा.) बी के चन्द्रकला दीदी राजयोग शिक्षिका रायपुर रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं प्रभु स्मृति में स्थित होकर किया। इससे पहले ब्रम्हा कुमारी बहनों ने पुष्प गुलदस्ते और तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। मुख्य अतिथि श्री लहरे ने कहा हमें एक आदर्श शिक्षक बनना पड़ेगा जो नैतिकता और मूल्यों के बगैर सम्भव नहीं है, राज्य का विकास स्कूलों से होता है सांसद में नहीं। शिक्षक का काम विद्या में प्रसारित करने का है और राष्ट्र की निर्माण करने की बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी है। श्रेष्ठ नागरिक बनाने में शिक्षक का योगदान है और यह कार्य बहुत निष्ठा पूर्ण तरिके से करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बहन अनसुईया ने कहा आदिकाल में गुरूकुल की प्रथा थी गुरु ने जो कहा वह शिक्षक मानता था पर अभी समय थोडा विपरीत चल रहा है छोटा बच्चा माता के बाद सिधे स्कूल जाता और वहां जो भी विद्या ग्रहण करता गुरु से ही करता इस लिए शिक्षक का योगदान आज भी आदिकाल की तरह ही है। जो शिक्षक बहुत अच्छे से निभा रहे हैं और प्रयास कर रहे हैं। बहन करूणा दुबे ने कहा किसी भी बच्चे की प्रथम गुरु उसकी मां होती है इस लिए मां को भी संस्कारी होना अति आवश्यक है और उसी से पारिवारिक और सामाजिक वातावरण का निर्माण होता है। शिक्षा का उद्देश्य चरित्र और नैतिक मूल्यों का निर्माण तो जरुरी है ही साथ साथ आध्यात्मिक बनना भी जरूरी है।

### नगर निगम के व्यवसायिक परिसरों का मिला मालिकाना हक

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** नगर निगम राजनांदगांव द्वारा विगत वर्षो मे विभिन्न स्थानों में व्यवसायिक परिसर का निर्माण कर भू-तल एवं प्रथम तल में दुकान का निर्माण किया गया है। व्यवसायिक परिसर की भूमि शासकीय नजूल भूमि थी, जिसे महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर भूमि आबंटन की मांग की गयी। निगम सीमाक्षेत्र के 8 स्थानो मे निर्मित व्यवसायिक परिसरो के भूमि का कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा मालिकाना हक दिया गया।

### दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**कवर्धा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति, संस्था को ''दानवीर भामाशाह सम्मान'' से अलंकृत किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित व्यक्ति, संस्था को एक लाख रुपये की सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। दानवीर भामाशाह सम्मान 2025 के लिए प्रविष्टियाँ 21 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित की गई हैं।

# वन विकास निगम की बड़ी कार्रवाई
## अतिक्रमणकारियों पर वन अपराध दर्ज

**कवर्धा/नवप्रदेश।** वन विकास निगम कवर्धा परियोजना मण्डल के मण्डल प्रबंधक श्री पिताम्बर साहू के कुशल निर्देशन एवं उप मण्डल प्रबंधक दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पण्डरिया के लिम्हईपुर बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ/436 सागौन वृक्षारोपण वर्ष 2021 में अवैध वृक्ष कटाई एवं वन भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की गई। अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध विधिसम्मत् वन अपराध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही के दौरान

परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पण्डरिया धर्मेन्द्र कुमार मेहरा एवं उनकी टीम जिनमें श्रीकांत कुमार सिंह सहायक परियोजना क्षेत्रपाल, देवसिंह भारद्वाज सहायक परियोजना क्षेत्रपाल, दिनेश वर्मा क्षेत्ररक्षक एवं जसपाल सिंह मरकाम क्षेत्ररक्षक शामिल थे।परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पण्डरिया धर्मेन्द्र कुमार मेहरा ने बताया कि 15 सितंबर 2025 को सेलाराम पिता केजहा जाति-सतनामी, ग्राम लिम्हईपुर और सुखी राम पिता विष्णु जाति-गोड, ग्राम करपी के विरूद्ध कुल 0.679 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने के आरोप में कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33 (1) क,ख,ग,ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 और संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3 (ए) के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण को विधिवत् न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां माननीय न्यायालय द्वारा सभी आरोपियां को 29 सिंतबर 2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश पारित किया गया है।

वन विकास निगम द्वारा वन संरक्षण एवं अवैध गतिविधियों के रोकथाम के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गजानंद महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए विभाग की छात्रा ज्योति वर्मा के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए ओजोन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालने अतिथियों को आमंत्रित किया गया। प्रारंभ में विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रीति सोनी के द्वारा उद्बोधन देते हुए ओजोन परत के महत्व को वैश्विक स्तर का बताया द्य उन्होंने यह भी बताया कि वातावरण के प्रदूषण के द्वारा ओजोन परत का लगातार छरण होता जा रहा है जिससे हानिकारक प्रकाश पृथ्वी की तरफ आ रहा है जिससे ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण प्रभावित हो सकता है। ओजोन परत की सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण किया जाए एवं हानिकारक कार्बनिक रसायनों का कम से कम उपयोग किया जाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर विकास गुलहरे ने ओजोन परत को विस्तार पूर्वक समझाते हुए ओजोन परत के महत्व पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ी को ओजोन परत को सुरक्षित रखना संदेश ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताएं निबंध, पोस्टर एवं स्लोगन की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम में रितंभरा चौहान मैडम एवं डॉ अभिलाषा शर्मा उपस्थित रहे और आभार रसायन शास्त्र के प्राध्यापक राजू बरेठ के द्वारा किया गया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में राजेन्द्र, कुमकुम और चुम्मन प्रथम

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन समिति के तत्वावधान में 24 अगस्त को हुए खैरागढ जिला स्तरीय 6वीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण ,सम्मान समारोह कार्यक्रम छुईखदान में आयोजित हूआ । कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना ने प्राथमिक स्तर में राजेंद्र रजक, प्राथमिक शाला कांचरी, मिडिल स्तर में कुमकुम, पूर्व माध्यमिक शाला रुसे और हाई/हायर सेकंडरी स्तर में चुम्मन लाल साहू, सेजेस जालबांधा को नकद राशि, मोमेंटो, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर, तीनों स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9- 9 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया । आयोजन समिति के अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल द्वारा स्वागत भाषण महदीप जंघेल ,कौशल सिंह राजपूत द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते इस वर्ष हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र डड़सेना और सलाहकार गिरेन्द्र सुधाकर ने विचार रखते हुए शिक्षकों की इस तरह की निस्वार्थ भाव से किए गए पहल की सराहना की और टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। मिडिल स्कूल बाईकटोरी के छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया । मिडिल स्कूल अचानकपुर की छात्राओं ने डॉ. पीसी लाल यादव द्वारा रचित जिला थीम सॉन्ग पर मनमोहक नृत्य किया। समिति के सचिव रूपेश कुमार देवांगन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, प्राचार्यगण, चयनित प्रतिभागी एवं उनके पालक और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# किसानों का एग्रो स्टेक में किया जा रहा पंजीयन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष किसानों को धान बेचने के लिए एग्रो स्टेट में पंजीयन करवाना अनिवार्य कर दिया गया है ।एग्रो स्टेट में बिना पंजीयन के किसानों को धान बेचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

शिविर के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है जल्द से जल्द किसान अपने नजदीकी समिति या सीएससी सेंटर में जाकर पंजीयन अनिवार्य रूप से करवा ले । सेवा सहकारी समिति टेहका में अब तक

कुल 78त किसानों का पंजीयन किया जा चुका है।

शेष किसानों का पंजीयन जारी है 2023 के बाद फौती,नामांतरण ,बटवारा, हुवे के किसानों का पंजीयन करने में समस्या आ रही थी जिसे बाद में पोर्टल के माध्यम से सुधार कर लिया गया है अब सभी किसानों का पंजीयन जारी है ।वही शिविर में मुख्य रूप से समिति प्रबंधक दीपक कुमार पांडे ऑपरेटर खेम कुमार दांडेकर, कुमार, सेल्समेन प्रमोद डहरिया,वीरेंद्र कुमार, किसान नंद कुमार साहू ,,दिलहरन ध्रुव, गोकुल ध्रुव, नरेंद्र ध्रुव ,शाखा राम साहू,एवं काफी संख्या में किसान मौजूद थे ।

# वन्यप्राणी का शिकार प्रकरण में अपराध दर्ज

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** वन मंडल राजनांदगांव के वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव के उप वृत्त कोलारघाट के कक्ष क्रमांक 419 में रात्रिकालीन गश्ती दल द्वारा गश्त के दौरान मिसिया बाड़ा डोंगरगढ़ निवासी जय डेनियल, डोंगरगढ़ निवासी नील प्रिंसिंस, वार्ड नंबर 9 डोंगरगढ़ निवासी विशाला उर्फइशान एवं कोलारघाट निवासी विश्वनाथ गोड़ द्वारा वन्यप्राणी कोटरी का शिकार के प्रकरण में वन्य जीव अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अपराधिक प्रकरण में संलिप्त चारों अपराधियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली दर वृद्धि के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** राजनांदगांव विधानसभा के सुकुलदैहान में युवा कांग्रेस ने बिजली दर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधायक रमन सिंह का पुतला जलाया। राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस निखिल द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बिजली दर में डेढ़ साल में चार बार वृद्धि की है, जिससे आम जनता परेशान हो रही है भाजपा सरकार ने बिजली बिल दुगना कर दिया है युवा कांग्रेस ने मांग की कि बिजली दर वृद्धि को वापस लिया जाए और आम जनता को राहत

प्रदान की जाए नहीं तो पूरे प्रदेश में आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा सरकार पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कांग्रेस की जन हितैषी बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर महतारी वंदन का पैसा बिजली के बिल के झटके से दे रही है। प्रदर्शन की शुरुआत मुख्यमंत्री और विधायक के पुतले के सामने बिन बजा जुलूस निकाल कर उन्हें जगाने का प्रयास किया गया। इसके बाद पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पंकज बांधव,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश सेन ,उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ग्रामीण जिला सचिव चंद्रशेखर मलेकर मंडल अध्यक्ष नंदलाल बंदे मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा, जनपद सदस्य दीपा बंजारे सरपंच जागेश्वर देवांगन पूर्व पार्षद गणेश पवार राजा यादव शुभम प्रजापति राहुल साहू महेश्वर वर्मा,प्रमोद मारकंडे, सरपंच खेमचंद मारकंडे, योगेंद्र वर्मा,शेखर वर्मा,बृजदास,भुनेश्वर साहू,जागेश्वर वर्मा,खोमलाल,सूरज मंडल,ठाकुर राम सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शादी का झांसा देकर शोषण, गिरफ्तार

**बालोद/नवप्रदेश।** पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के आरोपी नीलकंठ यादव उर्फनीलू यादव द्वारा वर्ष 2019 में शादी करने का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। उसके बाद लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान पीड़ित महिला 04 माह की गर्भवती होने पर आरोपी द्वारा उसे अपना बच्चा नही है कहते हुए शादी करने से इंकार कर दिया, जिससे प्रताड़ित होकर थाना गुरूर में अपनी आप बीती बताते हुए लिखित आवेदन के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत

अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की कायमी बाद प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के निर्देशन तथा एस.डी.ओ.पी. गुरूर बोनीफॉस एक्का के पर्यवेक्षण पर थाना गुरूर से विशेष पुलिस टीम गठित कर थाना प्रभारी गुरूर सुनील तिर्की द्वारा आरोपी नीलकंठ उर्फनीलू यादव को उसके घर से दिनांक 15.09.2025 को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बालोद भेजा गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेश पर जिला जेल बालोद में निरूद्ध किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी एवं विवेचना में निरीक्षक सुनील तिर्की थाना प्रभारी गुरूर, सउनि कुलेष्वर यादव, म.प्र.आर. लैनी ठाकुर, म.आर. महेष्वरी उईके, आरक्षक कोमल साहू, पिताम्बर निषाद, एवं दिनेष नेताम थाना गुरूर की सराहनीय भूमिका रही।

**कांग्रेस ने त्काल कार्रवाई की मांग की**

# शहर में लगातार दुर्घटनाओं से बढ़ रही दिक्कत, फाइलों में पड़ी स्पीड ब्रेकर

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** शहर में लगातार हो रही सडक् दुर्घटनाओं से बढ़ रही दहशत से छुटकारा दिलाने, साल भर से फाइलों मे पड़ी यातायात व्यवस्था सुधारने, शहर मे रफ्तार पर लगाम कसने की मांग को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही की मांग की है । विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई मे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को सौंपे ज्ञापन मे बताया कि शहर मे बड़ी संख्या मे राजनांदगांव कवर्धा, धमधा, रायपूर, लांजी,

डोंगरगढ़ सहित अन्य इलाको से भारी वाहन गुजरते है । शहर मे वाहनो की तेज रफ्तार आवाजाही से लगातार कई दुर्घटनाएं सामने आई है । बीते एक वर्ष में ही शहर मे दुर्घटनाओं मे कई लोगों की मौत हो चुकी है अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बाद भी शहर मे यातायात व्यवस्था सुधारने प्रशासनिक पहल अब तक नही हो पाई है ।

ज्ञापन मे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि साल भर पहले ही प्रशासनिक स्तर पर शहर मे वाहनो की रफ्तार कम करने यातायात पुलिस, राजस्व और नगरपालिका प्रशासन की संयुक्त बैठक मे शहर के प्रमुख मार्गो, स्थानों पर स्पीड ब्रेकर एवं स्टॉपर लगाने का निर्णय लिया गया था। बैठक में पुलिस अधिकारी, स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसके बावजूद अब तक निर्णय पर अमल नहीं हो पाया है। दाऊवौरा फॉरेस्ट नाका के पास एक एम्बुलेंस ने तेज रफ़्तार में बाईक सवार इंजीनियर को टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । दूर्घटनाग्रस्त वाहन इस दौरान अनियंत्रित होकर निजी मकान की दीवार तोडक़र घुस गई । माह भर पहले ही कलेक्टर बंगले के सामने भी इसी तरह छूईखदान से आ रही एंबुलेंस की रफ्तार के बाद टक्कर से स्कू ली छात्रा गंभीर रूप से घायल हूई थी । शहर के अमलीपारा, धनेली, किल्लापारा, पिपरिया और तुरकारीपारा में हुई सडक् दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन ने कहा कि शहर के प्रवेश स्थानों , मार्गो पर स्पीड ब्रेकर एवं स्टॉपर लगाने की मांग पिछले कई महीनो से लगातार किए जाने के बाद भी प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

# वक्ता मंच प्रशामक अतिथि गृह पहुंचा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था÷ वक्ता मंच कल 15 सितंबर की शाम को श्राद्ध पक्ष में नवमी तिथि के अवसर पर राजधानी के सुंदर नगर स्थित वृद्धाश्रम ( प्रशामक अतिथि गृह) पहुंचा वरिष्ठ साहित्यकार एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्राध्यापिका डॉ भारती अग्रवाल द्वारा उनकी बहन स्व. नर्मदा अग्रवाल की स्मृति में वक्ता मंच के माध्यम से आश्रम निवासियों को रात्रि भोज करवाया गया तथा बुजुर्गो के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की गई । वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू के नेतृत्व में संपन्न इस

सेवाभावी आयोजन में डॉ भारती अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, कु. नीतू अग्रवाल, चंद्रकला त्रिपाठी, रोहिताश्व त्रिपाठी, ज्योति शुक्ला, शिवानी मैत्रा, प्रमदा ठाकुर, दीपमाला पाण्डेय सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे । इस अवसर पर प्रबुद्धजनों ने कहा कि भारतीय पर्वो को समाज सापेक्ष स्वरूप प्रदान करने की वक्ता मंच की पहल सराहनीय है तथा इससे सबको जुड़ना चाहिए।

## चीतल का शिकार करने वाले 7 लोगों की जमानत अर्जी खारिज

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले के गिरना टिकरापारा जंगल चीतल शिकार मामले में जिला सत्र न्यायालय ने 7 आरोपियों की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। जानकारी के मुताबिक 6 सितंबर को गिरना टिकरापारा जंगल में चीतल के शिकार का मामला सामने आया था। इस मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 34, 43, 44, 50 एवं 51 (एबीसी) वन परिक्षेत्र पिथौरा ने 7 आरोपियों पर कार्रवाई की है। ग्राम छिंदौली निवासी रामजी केंवट, चंदराम ठाकुर उर्फ शिकारी, सोनसाय केंवट, बिसाहू, ग्राम गिरना निवासी भगवान सिंह पटेल, भोलाराम खड़िया और ग्राम बड़ेलोरम निवासी अनादि यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों ने जिला सत्र न्यायालय महासमुंद में जमानत के लिए आवेदन किया था, जिसे अपराध की गंभीरता, दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने और प्रकरण के साक्ष्य नष्ट किए जाने के तर्क के आधार पर कोर्ट ने खारिज कर दिया।

## कलेक्टर के निर्देश, करणी कृपा प्लांट की जमीन नापे जाएंगे

**महासमुंद/नवप्रदेश।** करणी कृपा प्लांट प्रबंधन की मुश्किलें अब बढ़ती नजर आ रही हैं। मंगलवार को कलेक्टर ने संयंत्र परिसर की जमीन की एक-एक इंच का नाप करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। दरअसल, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े स्थानीय किसान लगातार ये आरोप लगाते आ रहे हैं कि, उद्योग की आड़ में करणी कृपा संयंत्र प्रबंधन ने आसपास की कृषि भूमि पर भी बड़े पैमाने पर कब्जा किया हुआ है। शासकीय भूमि, नेशनल हाइवे की भूमि, आदिवासी भूमि, सिंचाई विभाग की भूमि, काबिल कास्त भूमि, वन भूमि व किसानों की भूमि पर भी कब्जा किया गया है। इस विषय में किसान लगातार न्याय की गुहार लगाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों ने मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में पुनः अपनी पीड़ा बताई। मौके पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एसडीएम व नायब तहसीलदार तुमगांव को निर्देशित करते हुए कहा कि संयंत्र परिसर में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए। परिसर के भीतर कथित विवादित एक-एक इंच जमीन की नाप की जाए।

## जपं में हुई बीएलओ की ट्रेनिंग

**भाटापारा/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत संभागार में संभावित विशेष गहन पुनरीक्षण की पूर्व तैयारियों के तहत वर्ष 2003 के सिर की मतदाता सूची एवं वर्ष 2025 मतदाता सूची का मिलान करने हेतु बी एल ओ को ट्रेनिंग दी गई।इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज भी उपस्थित थी। मास्टर ट्रेनर टूपेंद्र शर्मा और दुर्गा साहु ने उपस्थित बी एल ओ को इस विषय में उन्हें विस्तार से जानकारी दी।

## डॉक्टर की कमी को लेकर नजीब अशरफ़ ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

**धरसीवां/नवप्रदेश।** लाखों की लागत से नगर पंचायत कुरा में हमर क्लीनिक का तो निर्माण कर दिया गया है ,लेकिन अभी तक वहां चिकित्सा अधिकारी द्द्ड्ढ्ड्ढ्य डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हो पाई है , डॉक्टर की कमी को दूर करने के लिए नजीब अशरफ़ ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर की कमी को दूर करने की मांग की । कुरा को नगर पंचायत बने लगभग 18 साल हो गए है लेकिन डॉक्टर की कमी के चलते मरीजों को यहां से 25 कि.मी दूर रायपुर जाना पड़ता है जिस से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## जिले की पायल ने एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक

**भाटापारा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 22वी छत्तीसगढ़ स्टेट सबजूनियर , जूनियर एवम अंडर 23 बालक बालिका चैंपियनशिप का आयोजन बिलासपुर स्थित बहतराई स्टेडियम में 5 से 8 सितम्बर तक किया गया । जिसमे बलौदाबाजार भाटापारा जिले के 12 ख़िलाडीयो ने भाग लिया , प्रतिभागी खिलाड़ियों में पायल सोनी ने 1500 दौड़ में कांस्य पदक अपने नाम किया ,विजेता खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के सरंक्षक जी.एस बाम्बरा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र आहूजा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया कोषाध्यक्ष जगपाल सिंह धालीवाल रवि धनगर विनोद नायर आदित्य सिंह ,शरद पंसारी कोच गौतम मिरी ने पायल को शुभकामनाये देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

# जयंती पर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा, रामायण पाठ

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सृष्टि के रचयिता देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती शहर सहित अंचल में मनाई जा रही है। औद्योगिक संस्थानों में निर्माण के देवता की पूजा हुई वहीं हार्डवेयर, वर्कशॉप सहित आटो सर्विस में भी देवशिल्पी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूज-अर्चना की जा रही है।

विश्व को कर्म प्रदान करने वाले देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा शहर सहित अंचल में आज धूमधाम से की जा रही है। फलों व मिठाई की खरीदी के लिए दुकानों में भीड़ रही। लोगों ने अपने वाहनों की साफ सफाई कर उनकी पूजा-अर्चना की व मिठाई बांटी। इस दौरान जिले के औद्योगिक बिरकोनी, राइस मिलों, विभिन्न निर्माण व रिपेयरिंग कार्यों, वाहन शोरूम व दुकानों में भी भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। जिला मुख्यालय में मेशन मजदूर संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित कर विशेष पूजा -अर्चना की गई।

शाम 4 बजे भजन संध्या रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें जय कपीस मानस परिवार आमाकोनी की प्रस्तुति होगी। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ ही व्यापार और उद्योग धंधों में लगे लोगों की तरक्की और उन्नति अच्छी होती है। साथ ही विश्वकर्मा पूजा करने पर निर्माण कार्यों में सभी तरह की परेशानियों से छुटकारा मिलती है।

### ग्राम घोड़ारी में विश्वकर्मा जयंती पर सम्मान

महासमुंद घोड़ारी में तुमगांव परिक्षेत्र झेरिया लोहार समाज ग्राम घोड़ारी के तत्वावधान में विश्वकर्मा भवन में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि सरपंच पार्वती सुधीर बंजारे रहीं। सरपंच ने समाज प्रमुखों का श्रीफल व गमछा भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर तुमगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष किशन विश्वकर्मा, सह सचिव कन्हैया विश्वकर्मा, पंच धनुष विश्वकर्मा, चुन्नूलाल विश्वकर्मा, रविशंकर, दसोदा विश्वकर्मा, सीता विश्वकर्मा, गायत्री विश्वकर्मा, विमला विश्वकर्मा, कुंती विश्वकर्मा व समस्त विश्वकर्मा परिवर की ओर से कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### पीएम मोदी के जन्म दिन पर विशाल रक्तदान सिविर

# सेवा पखवाड़ा की शुरुआत, रक्तदान व हेलमेट वितरण से दिया जीवन सुरक्षा का संदेश

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** सेवा पखवाड़ा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर से हुई। इस अवसर पर सभी रक्तवीरों को प्रमाणपत्र के साथ-साथ सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता के संदेश स्वरूप हेलमेट भी उपहार में दिए गए। यह अनूठी पहल जहाँ एक ओर रक्तदान के माध्यम से जीवनदान का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर हेलमेट से स्वयं के जीवन की सुरक्षा का संकल्प दिलाती है। भारतीय जनता पार्टी, जिला गरियाबंद द्वारा आयोजित इस शिविर में युवाओं, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों, कर्मचारियों और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आयोजन को ऐतिहासिक सफलता दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती की प्रतिमा के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात बड़ी संख्या में नागरिकों ने रक्तदान कर समाजहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। वहीं जिला अस्पताल परिसर में उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का लाइव संबोधन भी सुना, जिससे वातावरण और अधिक प्रेरणादायी बन गया। भाजपा जिला नेतृत्व ने रक्तदान शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय विभागों, सामाजिक संगठनों, व्यवसायियों एवं नागरिकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि ÷रक्तदान महादान है। यह किसी को जीवन देने का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी जी का जीवन सेवा और समर्पण का उदाहरण है, उसी भाव को आगे बढ़ाने का अवसर हमें आज मिला है।

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहा कि ÷रक्तदान और सड़क सुरक्षा दोनों ही जीवन बचाने के संकल्प हैं। हेलमेट वितरण से समाज में नई सोच का संचार होगा।÷ भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रक्तदान जैसे कार्यक्रम समाजहित में सकारात्मक संदेश देते हैं और सभी को प्रेरित करते हैं।÷ पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा कि ÷सेवा का कार्य ही भाजपा की पहचान है। रक्तदान से जीवन बचता है और यह कार्य मानवीय मूल्यों को और ऊँचाई देता है। इस अभियान से समाज में जागरूकता और सेवा भाव दोनों का विस्तार होगा।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय भाजपा जिला महामंत्री दुवेय डॉ. आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर लाल साहू, गुरुनारायण तिवारी, प्रीतम सिन्हा,जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, मनीष सिन्हा, अजय रोहरा,राधेश्याम सोनवानी,श्रीमती लालिमा पारस ठाकुर, शिवांगी चतुर्वेदी,कलेक्टर बी. एस. उइके, सीईओ प्रखर चंद्राकर, सी एम एचओ यू एस नवरत्न, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप,जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्षगण सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, रिकेश साहू,शिवशंकर जायसवाल, पुष्पा साहू, सरला विके, प्रियंका सोनी, जमुना गजभिए, मंजरी गुप्ता, नेहा यादव, अभिलाषा उपाध्याय, सुमन देवांगन,अमित बखरिया, तरुण पप्पू ठाकुर, रितेश यादव, पुरुषोत्तम ध्रुव, राजेंद्र राजपूत, डॉ अरविंद तिवारी ,तानसिंह मांझी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

## देवांगन ने यशस्वी मोदी जी का जन्मदिवस बच्चों के साथ मनाया

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस 17 सितंबर को युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने अलग ही अंदाज में मनाया। किशोर ने इस अवसर पर अंचल के विभिन्न ग्रामों के आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर देवतुल्य नौनिहाल बच्चों को पठन सामग्री और मिष्ठान्न प्रदान कर उनके चरण छूकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद मांगा। देवांगन ने बताया कि इसे सुखद संयोग ही कहा जाएगा कि सृष्टि की रचना करने वाले भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस के दिन ही मोदी का जन्म हुआ । भगवान विश्वकर्मा की तरह ही मोदी जी ने भी अपने 11 वर्षों के यशस्वी कार्यकाल के दौरान नये भारत की रचना की है, जहां भारत सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर है। आज का भारत किसी परमाणु संपन्न दुश्मन राष्ट्र की भी परमाणु धमकी से नहीं डरता। उल्टे दुश्मन देश को उसके घर के भीतर घुसकर मारता है। आज का भारत मोदी जी के नेतृत्व में महाशक्ति अमेरिका की भी धमकियों या टैरिफ से नहीं डरता बल्कि अपनी कूटनीति से उसे ही घुटने टेकने को मजबूर कर देता है और पूरे विश्व के अमेरिका के अपेक्षाकृत कम शक्तिशाली देशों को हिम्मत देता है कि ताकत से बड़ा हौंसला होता है। आज का भारत पूरे विश्व में वसुधैव कुटुंबकम् (पूरा विश्व एक परिवार) की अवधारणा को स्थापित करता है, जो कि सनातन धर्म की प्रमुख विशेषता है।

देवांगन ने कहा कि मोदी जी की नव भारत रचना का क्रम विकसित भारत बनने के बाद पूरा होगा क्योंकि मोदी इसके लिए दिन में 18-18 घंटे काम कर रहे हैं, अपना सर्वस्व न्यौछावर कर रहे हैं। ऐसे महामानव के जन्मदिवस पर देश के प्रत्येक नागरिक को गर्व करना चाहिए।

## सांकरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नगरी/नवप्रदेश।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर को रीपा सेंटर प्रांगण सांकरा में सिंदूर के पौधों रोपण किया पूरे परिसर के चारों ओर 75 सिंदूर के पौधों रोपण किया गया इस अवसर विकास मरकाम (अध्यक्ष, आदिवासी स्वास्थ्य परम्परा एवं पंचायती राज्य आयोग, छ.ग./ कैबिनेट मंत्री दर्जा अध्यक्षताः भोपालपुर साहू (अध्यक्ष, परम्परागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छ.ग.) विशिष्ट अतिथिः निर्मल कुमार अकोले (प्रदेश अध्यक्ष, पं.प्र.व. संघ छ.ग.) विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ,नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा ,मण्डल महामंत्री रूपेंद्र साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व महामंत्री कमल डागा, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदनी साहू, हेमलता साहू, सरपंच जीवन नाग, सरपंच नरसिंग मरकाम सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता अधिकारी बड़ी उपस्थित रहे थे।

## सतनामी समाज के लोग मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मिलकर बनसांकरा में मुक्तिधाम की मांग

**सिमगा/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत बनसांकरा के सतनामी समाज के कार्यकर्ता मनोज सोनवानी ने बताया कि आज गुरु खुशवंत से मुलाकात कर उन्हें केबिनेट मंत्री बनाएं जाने पर बधाई दी गई एवं समाजिक मुद्दे पर गंभीर विषय में चर्चा किया गया। मंत्री खुशवंत से सतनामी समाज के लोग ने ग्राम पंचायत बनसांकरा मुक्तीधाम के लिए मांग की जिसमे मंत्री खुशवंत ने जल्द निर्माण कराने को अश्वासन दिया। साथ में प्रमुख रूप से उपास्थित रहे दिलेश्वर बंजारे,जितेन भारती,जयप्रकाश,एवं सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

## तीन मिलकर किया जंगली सूअर का शिकार

**महासमुंद।** वन परिक्षेत्र महासमुंद के वन कक्ष क्रमांक 52 संरक्षित वन क्षेत्र में 3 युवकों को जंगली सूअर के शिकार करने के आरोप में वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 9, 2, 39 (3क), 48 और 50 के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली कि वन कक्ष क्रमांक 52 संरक्षित वन क्षेत्र में जंगली सूअर का शिकार किया गया है।

## नशीली दवाओं के साथ पकड़ा गया युवक

**महासमुंद/नवप्रदेश।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक से नशीले टेबलेट जब्त कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को धारा 21 (बी), 22 (बी) एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि गुडरूपारा वार्ड-18 निवासी रमेश यादव अपने घर के पास गली में नशीली दवा रखकर विक्रय करने ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने जाकर उसे पकड़ा। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से स्पास-ट्रासेन प्लस कैप्सूल की 54 स्ट्रीप में 432 कैप्सूल मिला।

उक्त प्रतिबंधित नशीली दवा रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। आरोपी के कब्जे से एक स्ट्रीप में 8 कैप्सूल कंपोजिशन डाइसीसिमाइन हाइड्रोक्लोराइड, ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड और एसिटामिनोफेन कैप्सूल के कुल 54 स्ट्रिप में 432 कैप्सूल कीमती 2808 रुपए जब्त किया है।

## शहर में नवरात्रि में इस बार बस्तरिहा आर्ट से सजेंगे पंडाल

### खास खदर से निर्मित किया जा रहा पंडाल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** गणेश उत्सव के बाद से ही शहर सहित अंचल में अब शक्ति की आराधना की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही है। सार्वजनिक पंडालों की साज सज्जा शुरू हो गयी है वहीं माता की प्रतिमाओं को मूर्तिकार तैयार करने में दिन रात एक कर रहे हैं। शहर में हमेशा से ही बस स्टैंड व अंबेडकर चौक स्थित पंडाल और उसमें विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा और अन्य झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र होती हैं। यहाँ शहर सहित आस-पास के क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

इस बार बस स्टैंड दुर्गा पूजन समिति द्वारा उत्सव को लेकर खास तैयारियां की जा रही है। लगभग 16 लाख रुपए से निर्मित पंडाल को बस्तरिहा आर्ट खास खदर से निर्मित किया जा रहा है। जिसमें बस्तर की विभिन्न कलाकृतियां और संस्कृति दर्शाई जाएगी। जबकि, भीतर झांकी होगी। माता दुर्गा की बैठी हुई मुद्रा में 13 फीट की प्रतिमा विराजित होंगी। अंजोरा थनौद के कलाकरों द्वारा प्रतिमाएं बनाई जा रही है। उत्सव का आकर्षण माता द्वारा भस्मासुर राक्षस का वध करती चलित झांकी होगी। जबकि, एक ओर हनुमान जी की चलित झांकी में वे चक्कर काटते हुए चुटकी बजाती मुद्रा में राम नाम का जाप करते दिखाई देंगे। वहीं अंबेडकर चौक स्थित समिति द्वारा वाराणसी गंगा आरती की तर्ज पर झांकी तैयार की जा रही है। इस झांकी में वाराणसी के गंगाघाट तैयार किया जा रहा है, जहां गंगा आरती होती दिखाई देगी। बस स्टैंड दुर्गा उत्सव आयोजन समिति के सदस्य एवं पार्षद भाऊराम साहू ने बताया कि पिछ्ले कुछ सालों से चलित झांकी का क्रम रूका हुआ था। शहरवासियों को कुछ नया दिखाने तथा नवरात्र उत्सव को यादगार बनाने कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि माँ जगदम्बा के दर्शन पूर्व पंडाल के प्रवेश द्वार पर अहिंसा द्वार पर श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बहन सुभद्रा के पहले दर्शन बलभद्र के होंगे।

## दो बाइकों की जोरदार टक्कर, घायल

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** नवापारा के गंज मंडी के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकों के आगे का हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक अन्य को मामूली चोटें आईं। यह घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 6.15 बजे नवापारा के व्यस्ततम मार्ग गंज रोड में कृषि उपज मंडी के ठीक सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि परसट्ठी (चमसूर) निवासी योगेश साहू (23) और उसका दोस्त झुमुक साहू (28) किसी काम से नवापारा आए थे। जैसे ही वे नवापारा मंडी के पास पहुंचे, उनकी टक्कर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से हो गई। दूसरा बाइक सवार चमसूर का रहने वाला बताया जा रहा है। यह घटना पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि दोनों मोटरसाइकिलें तेज रफ्तार से जा रही थीं। टक्कर के बाद, बाइक सवार गिर गए। बाइक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में योगेश साहू के सिर और आंख में गंभीर चोटें आईं। दूसरी बाइक पर सवार युवक के पैर और आंख में भी चोटें आईं, जबकि झुमुक को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी और घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

**प्रदर्शन** | अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर गांव में शांति व्यवस्था बनाए

# अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कलेक्टोरेट पहुंचीं महिलाएं

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले में अवैध शराब की बिक्री लगातार जारी है। इस पर अंकुश लगाने जिम्मेदार अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं। अवैध शराब बिक्री को लेकर महिलाएं आएदिन प्रदर्शन कर रही हैं। मंगलवार को बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम लमकेनी की महिलाओं ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की।

समाज सेवी संस्था सदस्य देवंतीन ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम लमकेनी की महिलाएं कलेक्टोरेट पहुंचीं। महिलाओं ने कहा कि गांव में कुछ लोग अवैध शराब की बिक्री कर रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि अवैध बिक्री की वजह से पुरुष अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी जाती है। अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई कर गांव में शांति बहाल की जाए।

### सड़क व नाली पर अवैध कब्जा, हटाने की मांग

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बढ़ईपाली में सड़क व नाली से अवैध कब्जा हटाने की मांग महिलाओं ने कलेक्टर से की है। जनदर्शन के दौरान कलेक्टर कार्यालय में एकत्रित ग्रामीण महिलाओं ने आवेदन कर इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। ग्राम पंचायत बढ़ईपाली निवासी चैतीबाई, शांतिलता, ताराबती, कुमारी, हेमलता, पिंकीबाई, अहिल्या, डिगेश्वरी ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा रोड एवं नाली पर बेजा कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में सचिव और सरपंच ने बैठक लेकर बेजा कब्जा हटाने मौखिक रूप से कहा था, किंतु उक्त लोगों द्वारा मनमानी करते हुए सड़क व नाली पर मकान बनाकर कब्जा किया जा रहा है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा अध्यक्ष पद पर विकास शर्मा ने ठोकी दावेदारी

**पिथौरा/नवप्रदेश।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस के युवा नेता विकास शर्मा ने अपनी दावेदारी पेश की है।

विकास शर्मा पिथौरा नगर के वार्ड नम्बर 06 के निवासी हैं और वर्ष 2003 से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले शर्मा ने अब तक कई जिम्मेदारियां निभाई हैं। वे एनएसयूआई शहर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष इंटक सचिव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस पिथौरा उपाध्यक्ष तथा 2016 से 2022 तक जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रहे। राजनीतिक गलियारों में विकास शर्मा को खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के करीबी माना जाता है। इसके साथ ही उनका संबंध बसना विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह से भी मजबूत रहा है। यह निकटता उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाती है।

संगठनात्मक क्षेत्र में सक्रिय रहने के साथ ही उनके परिवार ने भी राजनीति में अपनी छाप छोड़ी है। उनकी पत्नी अनामिका विकास शर्मा लगातार दो बार अलग-अलग वार्डों से पार्षद निर्वाचित हुई हैं।

■ न्यूज गैलरी

## रायपुर-राजिम नई मेमू ट्रेन सेवा का आज शुभारंभ करेंगे सीएम

**रायपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत 18 सितंबर को राजिम स्टेशन से नई मेमू ट्रेन सेवा (68766/68767 रायपुर-राजिम-रायपुर) और रायपुर-अभनपुर के बीच चल रही दो मेमू ट्रेन सेवाओं (68760/ 68761, 68762/68763) का राजिम तक विस्तार का शुभारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 18 सितंबर को सुबह 10-30 बजे राजिम रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इस सेवा का उद्घाटन करेंगे। नई मेमू ट्रेन में 6 सामान्य श्रेणी कोच और 2 पावरकार सहित कुल 8 कोच होंगे, जो रायपुर और राजिम के बीच नियमित यात्रियों को सुविधा प्रदान करेंगे। इस विस्तार से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा।

## रविवि में ऑनलाइन अल्पकालिक कार्यक्रम आज से

**रायपुर/नवप्रदेश।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा 18 से 24 सितंबर तक एक ऑनलाइन अल्पकालिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ''भारतीय ज्ञान प्रणाली और मानव मूल्य'' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संकाय सदस्यों और शिक्षकों के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम में पंजीयन निशुल्क है। एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. प्रीति के. सुरेश ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को भारतीय ज्ञान प्रणाली की समग्र समझ प्राप्त होगी, जो इसके कालातीत मूल्यों और ज्ञान को आधुनिक मुद्दों पर सामाजिक लाभ के लिए लागू करने में सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भारतीय ज्ञान प्रणाली और मानव मूल्यों को शामिल करना है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

## वनोपज की खरीदी से वनवासियों की आय में इजाफा

**रायपुर/नवप्रदेश।** वनमंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की बैठक वन विभाग मुख्यालय अरण्य भवन में हुई। 2023-24 तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों - तेंदूपत्ता, ईमली (बीज रहित), महुआ फूल, गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज, जामुन आदि वनोपजों के विक्रय मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही बताया कि 2024-25 एवं 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य में वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर समिति द्वारा विचार-विमर्श किया गया। एसीएस वन ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, सचिव वन अमरनाथ प्रसाद उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ महिला आयोग ने की महिला उत्पीड़न प्रकरणों पर सुनवाई

**रायपुर/ नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया और श्रीमती ओजस्वी मंडावी ने रायपुर कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आज प्रदेश स्तर पर 345वीं और रायपुर जिले में 164वीं जनसुनवाई हुई। पहले प्रकरण में शासकीय विभाग में कार्यरत दोनों पक्षों की शिकायतें और शोकॉज नोटिस के मुद्दे पर सुनवाई हुई। आयोग ने समझाइश दी कि विभागीय शिकायतें उच्चाधिकारियों को करें और इस मामले में विभागीय सचिव को पत्र भेजा जाएगा। दूसरे प्रकरण में आवेदिका ने उधार रकम के लिए मारपीट और धमकी की शिकायत की। अनावेदक ने आरोपों से इनकार किया। आयोग ने अनावेदक को समझाइश दी कि वह आवेदिका के घर जाकर मारपीट या गाली-गलौच न करें, अन्यथा एफआईआर दर्ज हो सकती है। तीसरे प्रकरण में मध्यान्ह भोजन समूह की महिलाओं ने अनावेदक पर अपमानजनक शब्दों और धमकी की शिकायत की। आयोग ने अनावेदक को सम्मानजनक व्यवहार करने और हस्तक्षेप न करने की हिदायत दी। इस प्रकरण को एक वर्ष की निगरानी में रखा गया।

# रिसर्च : गठिया की पीड़ा दूर करेगा शरीर में मौजूद प्रोटीन

■ **दुनियाभर में 20 करोड़ लोग पीड़ित, भारत में 6 करोड़ से अधिक मरीज**

**रायपुर/नवप्रदेश।** वर्षों से गठिया का दर्द सहन रहे मरीजों के लिए एम्स सहित कई संस्थानों की ओर से मिलकर किए गए शोध ने राहत की उम्मीद जगाई है। विशेषज्ञों के मुताबिक शरीर में मौजूद एक खास प्रोटीन से ही गठिया का दर्द दूर किया जा सकेगा।

एम्स दिल्ली और लखनऊ स्थित सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने आईआईटी खड़गपुर सहित कई अन्य संस्थानों के साथ मिलकर शोध किया। शोध में विशेषज्ञों ने शरीर में मौजूद एक प्रोटीन स्क्लेरोस्टिन में छोटे-छोटे ऐसे दो अंश (पेप्टाइड) एसी-1 और एसी-3 की पहचान की। इसे इंजेक्शन के रूप में इस्तेमाल कर गठिया की बीमारी का इलाज किया जा सकता है।

एम्स में चूहों पर हुए ट्रायल में पेप्टाइड एसी-1 ऑस्टियोपोरोसिस और एसी-3 ऑस्टियोआर्थराइटिस के इलाज में कारगर और सुरक्षित मिले। अब मरीजों पर इसके परीक्षण की तैयारी है। यह शोध बायोमेडिसिन और फर्माकोथेरेपी अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। एम्स के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. रूपेश श्रीवास्तव ने कहा, इस शोध से उम्मीद है कि यह इलाज वर्तमान में उपलब्ध दवाओं से ज्यादा असरदार और सुरक्षित होगा। सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ डॉ. नैबेद्य चटोपाध्याय के मुताबिक स्क्लेरोस्टिन हड्डियों की कोशिकाओं द्वारा निर्मित होता है।

### एक प्रोटीन से हड्डी के दो रोगों का इलाज

**ऑस्टियोपोरोसिस यानी हड्डियों का गलना**

1. ऑस्टियोपोरोसिस में उम्र बढ़ने के साथ हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इससे हल्की चोट लगने से भी फ्रैक्चर हो जाता है। 2. महिलाओं में मेनोपॉज के बाद यह बीमारी अधिक होती है। किडनी रोगियों को यह बीमारी होती है।

**ऑस्टियोआर्थराइटिस यानी हड्डियों में जकड़न बढ़ना**

1. ऑस्टियोआर्थराइटिस को सामान्य भाषा में गठिया कहते हैं। इसमें घुटने, रीढ़ की हड्डी, कूल्हों में जकड़न हो जाती है। 2. उम्र बढ़ने के साथ चलने-फिरने में परेशानी होती है। ज्यादातर मामलों में सर्जरी करनी पड़ती है।

कांग्रेस नेता बोले- भाजपा धर्मांतरण को राजनीतिक टूल की तरह इस्तेमाल करती है

# धर्मांतरण कानून पर छत्तीसगढ़ समेत 8 राज्यों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**रायपुर/नवप्रदेश।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। कोर्ट की टिप्पणी आने के बाद रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि बीजेपी की सरकार जब से केंद्र और राज्यों में आई है, धर्मांतरण को लेकर अलग मुहिम चला रही है। इस मुद्दे को सिर्फ चुनावी फायदा लेने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है और धर्मांतरण को राजनीतिक टूल बनाकर इसका उपयोग हो रहा है। विकास ने कहा कि बीजेपी के लोग धर्म और जाति में बांटकर देश को कमजोर और बर्बाद करना चाहते हैं।

**याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से ये कहा**



**चुनाव नजदीक आते है धर्मांतरण को मुद्दा बनाते है**

विकास उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार जब -जब चुनाव नजदीक आता है तब वे धर्मांतरण को मुद्दा बनाती है। धर्मांतरण का कानून बनाकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकार को छिनना चाहती है। हमारे देश में सभी धर्मों को साथ लेकर चलने की परंपरा रही है। लेकिन भाजपा जाति और धर्म में लोगों को बांटकर राजनीति करती है। मैं समझता हूं भाजपा को ऐसा नहीं करना चाहिए।

**कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था**

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था। बाद में जमीअत उलेमा-ए-हिंद ने कोर्ट से मांग की कि 6 हाईकोर्ट में चल रही 21 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ही लाया जाए। फिलहाल गुजरात और मध्य प्रदेश में इन कानूनों की कुछ धाराओं पर रोक लगी हुई है।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, एम.आर. शमशाद, संजय परिख समेत अन्य पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद होगी।

**याचिकाकर्ता बोले- यूपी में धर्मांतरण को सख्त किया गया**

सीनियर एडवोकेट चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि उत्तरप्रदेश में 2024 में धर्मांतरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेथ मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है।

## ड्रग्स तस्करी का हिस्ट्रीशीटर शेख साहिल गिरफ्तार

■ **हेरोइन के साथ देशी कट्टा भी बरामद**

**रायपुर/नवप्रदेश।** थाना टिकरापारा पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत दर्ज एक बड़े ड्रग्स तस्करी मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर शेख साहिल उर्फ कोंदा को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने की। शेख साहिल स्थानीय हेरोइन (चिट्टा) सप्लाई नेटवर्क का हिस्सा था और उसके पास से एक देशी कट्टा, मोबाइल फोन और बैंक ऑफ बड़ौदा की पासबुक भी जब्त की गई है। इस मामले में अब तक कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जांच के दौरान दस्तावेजों के तकनीकी विश्लेषण और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने शेख साहिल उर्फ कोंदा (19 वर्ष, निवासी ताजनगर, संतोषी नगर) को चिन्हित किया। साहिल टिकरापारा का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ हत्या का प्रयास, छेड़छाड़, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं।

**पाकिस्तान-पंजाब रूट से ड्रग्स तस्करी**

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में टिकरापारा पुलिस ने अपराध क्रमांक 600/25 के तहत कार्रवाई करते हुए पहले 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें पंजाब के एक अंतरराज्यीय तस्कर भी शामिल था, जो पाकिस्तान के रास्ते हेरोइन की सप्लाई करता था।

## महतारी वंदन योजना: अपात्र हितग्राहियों और मृतकों के खातों में भुगतान की शिकायतें

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों के सर्वे को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी ने हाल ही में एक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। प्रदेश में 9,15,994 हितग्राहियों को इस योजना के तहत हर माह 1,000 रुपये की राशि दी जा रही है। इस महीने 12,376.19 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। हालांकि, अपात्र हितग्राहियों और मृत व्यक्तियों के खातों में राशि ट्रांसफर होने की शिकायतों ने

प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना के तहत 511 गांवों में सर्वे की प्रक्रिया चल रही है, जो सुरक्षा बलों के कैंपों के दायरे में आते हैं। इस सर्वे का उद्देश्य नए पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ना है। सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों पर भी कार्रवाई शुरू हो गई है।

**मृत हितग्राहियों की जानकारी जुटाने में चुनौती**

महिला एवं बाल विकास विभाग वर्तमान में उन हितग्राहियों की जानकारी एकत्र कर रहा है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से यह जानकारी आसानी से मिल रही है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मृत हितग्राहियों की सटीक जानकारी जुटाना मुश्किल हो रहा है। सूत्रों का दावा है कि शहरी क्षेत्रों में कई मृत हितग्राहियों के खातों में अब भी राशि ट्रांसफर हो रही है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू, मूणत और महापौर ने महादेवघाट में किया श्रमदान

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर रायपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर रायपुर पश्चिम विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत, रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य सुमन अशोक पाण्डेय, माधव राव सप्रे वार्ड पार्षद महेंद्र औसर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन शर्मा, नगर निगम जोन 8 के कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अनुराग पाटकर, उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान, जोन

स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा, रायपुरा स्कूल के छात्रों, गणमान्य नागरिकों, महिलाओं और युवाओं ने महादेवघाट में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

महादेवघाट में सुलभ शौचालय के आसपास विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने झाड़ू लगाकर सफाई की और कचरा उठाकर स्वच्छता का सकारात्मक संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई और आम नागरिकों को स्वच्छ शौचालयों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर जोन 8 के माधव राव सप्रे वार्ड (क्रमांक 69) में किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजेश मूणत और मीनल चौबे ने महादेवघाट में श्री हनुमानजी मंदिर के समीप पौधा रोपा।

## अवैध शराब बिक्री: दो गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** खमतराई पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए अवैध शराब बिक्री के दो प्रकरणों में कार्रवाई की। पुलिस ने 191 पौवा देशी मसाला शराब, जिसकी कीमत 22,200 रुपये है, जब्त की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) और नगर पुलिस अधीक्षक (उरला) के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

पहले मामले में, मुखबिर की सूचना पर आरटीओ ऑफिस के पास डेरापारा रावांभाठा में परदेशी पटेल (25 वर्ष, निवासी कुंचापारा, कटघोरा, कोरबा) के कब्जे से 102 पौवा देशी मसाला शराब (18.36 बल्क लीटर) जब्त की गई। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 1043/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

दूसरे मामले में, बंजारी रोड, डेरापारा रावांभाठा में धनवतींन मरकाम (35 वर्ष, निवासी दाड़ी, बेमेतरा) के कब्जे से 89 पौवा देशी मसाला शराब (16.20 बल्क लीटर) जब्त की गई।

## सौर उर्जा में घटिया उपकरण की खरीदी रोकने क्रेडा को जिम्मा

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य शासन ने प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा सौर उर्जा (गैर पारंपरिक उर्जा) योजनाओं के जरिए उपकरणों की सीधी खरीदी पर रोक लगा दी है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने इस संबंध में गत 6 अगस्त 2025 को सभी विभागों को एक परिपत्र जारी किया था और विभागों द्वारा सीधे उपकरण की खरीदी से गुणवत्ता प्रभावित होने का हवाला देते हुए शासन की

छवि धूमिल होने और भारत सरकार से वित्तीय सहायता से वंचित होने की आशंका भी जताई थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में पूर्व में जारी पत्रों का भी उल्लेख किया है। इसमें खासकर पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल 2020 में परिपत्र सभी विभाग, कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ को भेजा गया था। जानकारों का कहना हैं कि इसके बाद भी सौर उर्जा के क्षेत्र में खरीदी प्रक्रिया पर रोक नहीं लगी, जिसके चलते छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से भी कड़ी फटकार मिली। बहरहाल सामान्य प्रशासन विभाग के इस परिपत्र पर नगरीय प्रशासन विभाग ने पहल की है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम

**रायपुर/ नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया और परोपकार फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर नवा रायपुर के सेक्टर 24 में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। दोपहर 1 बजे हुए इस आयोजन में चेंबर पदाधिकारियों और चेयरपर्सन शानवी मित्तल की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी ने कहा कि यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत व फिट इंडिया पहल को समर्पित है। पेड़ लगाना भविष्य के लिए निवेश है, जो स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करता है। उन्होंने गोल्फ फेडरेशन और परोपकार फाउंडेशन का आभार जताया।

## चोर गिरोह का पर्दाफाश, 20.70 लाख का माल जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** कबीर नगर पुलिस ने वाहन चोरी के शातिर गिरोह का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों, मुकेश साहू और हरजीत सिंह उर्फ रिंकू, को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 4 ट्रैक्टर, 2 ट्रॉली और 7 मोटरसाइकिल, जिनकी कुल कीमत 20.70 लाख रुपये है, जब्त किए गए। यह कार्रवाई पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर की गई।

प्रकरण की शुरुआत चंद्रकेश सिंह की शिकायत से हुई, जिन्होंने बताया कि 14 सितंबर 2025 को उनका स्वराज 735 ट्रैक्टर (क्रमांक ष्ट्त04क्क्ष्ट5068) और ट्रॉली डेरापारा, हीरापुर में चोरी हो गया। थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 205/2025, धारा 331(4), 305(ए), 317(2) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) दौलत राम पोर्ते और नगर पुलिस अधीक्षक (आजाद चौक) ईशु अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुनील दास के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों की मदद से आरोपियों तक पहुंची।

मुखबिर की सूचना पर मुकेश साहू (19 वर्ष, खपराडीह, बलौदा बाजार) को वेदांत वाटिका के पास पकड़ा गया। पूछताछ में उसने कबीर नगर और अन्य क्षेत्रों में 4 ट्रैक्टर और 7 मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूली। उसने बताया कि 3 ट्रैक्टर और 4 मोटरसाइकिल हरजीत सिंह उर्फ रिंकू (42 वर्ष, कुम्हारी, दुर्ग) को बेचे थे, जबकि 1 ट्रैक्टर और 3 मोटरसाइकिल उसने अपने घर में छिपाए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों से सभी वाहन जब्त कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा।

जमीन कम निकलने से रुका काम, फिर से बन रहा नक्शा

## सिकलसेल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण अधर में

**रायपुर/नवप्रदेश।** पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पास बन रहे सिकलसेल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण कार्य ठप हो गया है। 48 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस पांच मंजिला इमारत की नींव खोदने के बाद काम रुक गया, क्योंकि आवंटित जमीन की नापजोख में कमी पाई गई। वन विभाग द्वारा दी गई 2.84 एकड़ जमीन नापने पर केवल 2.62 एकड़ निकली, जिससे नक्शा, ड्राइंग और डिजाइन बेकार हो गए। अब नए सिरे से नक्शा तैयार किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है।

सिकलसेल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रस्ताव जून 2021 में तैयार किया गया था, और 23 जून 2023 को इसका भूमिपूजन हुआ था। दो साल बीतने के बावजूद निर्माण कार्य केवल नींव तक सीमित है। जमीन विवाद के

कारण प्रोजेक्ट अधर में लटक गया है। वर्तमान में सिकलसेल संस्थान मेडिकल कॉलेज के एक हिस्से में संचालित हो रहा है, जहां केवल ओपीडी चल रही है और मरीजों को दवाइयां दी जा रही हैं।

**विवादों से जुड़ा है पुराना नाता**

सिकलसेल संस्थान पहले भी विवादों में रहा है। 2023 में 1.63 करोड़ रुपये के घोटाले की खबरें सामने आई थीं, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह इस साल जून में रिटायर हो चुका है। रिसर्च के नाम पर कोई प्रगति नहीं होने से संस्थान की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। 2022 में भी संस्थान में दवाइयों की खरीद में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं।

**कैसी होगी नई इमारत?**

प्रस्तावित पांच मंजिला इमारत में पहली मंजिल पर ओपीडी, डॉक्टरों के कक्ष, पैथोलॉजी लैब, को-ऑर्डिनेटर रूम और दवा स्टोर होंगे। दूसरी मंजिल पर रिसर्च सेंटर, तीसरी मंजिल पर कॉन्फ्रेंस रूम, ऑडिटोरियम और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, चौथी मंजिल पर रिहैबिलिटेशन सेंटर और पांचवीं मंजिल पर टीचिंग ब्लॉक बनाया जाएगा।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री सावंतराम देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400236/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सांवतराम देवांगन आ./पति स्व. चमरुप्रसाद देवांगन निवासी मालवीय नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 60/49 | 0.0140 हें वर्गफीट 1500 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रश्मि देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400237/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रश्मि देवांगन आ./पति सावंत देवांगन निवासी मालवीय नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 55/39 | 0.0116 हें वर्गफीट 1250 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री सावंतराम देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सांवतराम देवांगन आ./पति स्व. चमरुप्रसाद देवांगन निवासी मालवीय नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 60/50 | 0.0140 हें वर्गफीट 1500 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

## :: शपथ पत्र ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Dilip Kumar S/o Late Anil Chand Bhattacharya R/O-12/26, Ispat Nagar Near Santoshi Mata Mandir Risali Bhilai Dist. Durg (C.G.) का हूं। कि मैंने अपना पुराना नाम Dilip Kumar S/o Late Anil Chand Bhattacharya को त्याग कर नया नाम Dilip Kumar Bhattacharya S/o Late Anil Chand Bhattacharya रख लिया हूं अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरे नये नाम Dilip Kumar Bhattacharya S/o Late Anil Chand Bhattacharya से जाना व पहचाना जाएगा।

Dilip Kumar Bhattacharya S/o Late Anil Chand Bhattacharya R/O-12/36, Ispat Nagar Near Santoshi Mata Mandir Risali Bhilai Dist. Durg (C.G.)

शपथकर्ता
दिलीप

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम तरुण कुमार देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400247/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तरुण कुमार देवांगन आ./पति सावंत राम देवांगन निवासी दीपक नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 60/52 | 0.0140 हें वर्गफीट 1500 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रश्मि देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400239/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रश्मि देवांगन आ./पति सावंत राम देवांगन निवासी मालवीय नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 55/44 | 0.0116 हें वर्गफीट 1250 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

# अनाज और कपास व्यापार का हब, मजबूत कनेक्टिविटी से रोहतक बना केंद

**नई दिल्ली।** 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना का उद्देश्य हर जिले के विशिष्ट उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसी कड़ी में हरियाणा का रोहतक जिला एमएसएमई क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाए हुए है। भारतीय अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को विकास की रीढ़ कहा जाता है। यह क्षेत्र न केवल करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, बल्कि नवाचार को बढ़ावा देने और स्थानीय व क्षेत्रीय विकास को गति देने में भी बड़ी भूमिका निभाता है। इन्हीं संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा के लिए 'एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम स्वाति सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400246/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका स्वाति सिन्हा आ./पति दीपक कुमार सिन्हा निवासी प्रदीप्ति नगर बोरसी दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 60/64 | 0.0223 हें वर्गफीट 2400 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम तरुण कुमार देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400248/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तरुण कुमार देवांगन आ./पति सावंत राम देवांगन निवासी दीपक नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग | 60/51 | 0.0140 हें वर्गफीट 1500 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

